


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 316 | ग्वालियर , 09 सितम्बर शनिवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### भारतीय वायु सेना को मिलेगा पहला एयरबस सी-295 विमान



**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी सी-295 विमान की डिलीवरी लेने के लिए स्पेन जाएंगे। इसके साथ ही भारत को इसी महीने पहला एयरबस सी-295 सामरिक सैन्य परिवहन विमान मिलेगा। विमान कंपनी एयरबस के इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड ने पुष्टि की है कि भारतीय वायु सेना को सी-295 विमान की आपूर्ति इसी महीने होने जा रही है। गौरतलब है कि लगभग 2 वर्ष पहले सितंबर 2021 में भारत में इन सैन्य सामरिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एयरबस से एक समझौता किया था। एयरबस के साथ किए गए समझौते के तहत गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड एयरबस के साथ मिलकर 40 विमान बनाएगा। यह फैक्ट्री वर्ष 2026 तक बनकर पूरी होगी। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक सी-295 ट्रांसपोर्ट विमान को दो पायलट उड़ाते हैं। इसमें 73 सैनिक पैराट्रूपर्स, स्ट्रेचर, इंटेसिव केयर मेडवैक, स्ट्रेचर मेडवैक के साथ मेडिकल अटेंडेंट यात्रा कर सकते हैं। यह एक बार में अधिकतम 9,250 किलोग्राम वजन ले जा सकता है। विमान की लंबाई 80.3 फीट, विंगस्पैन 84.8 फीट और ऊंचाई 28.5 फीट है। गौरतलब है कि इसके अलावा भारत ने 31 एमक्यू-9 बी हथियारबंद हंटर किलर ड्रोन की खरीद के लिए अमेरिका को एक औपचारिक अनुरोध भेजा है। भारत यह युद्धक ड्रोन खरीदने की इच्छा पहले ही जारी कर चुका है। अब औपचारिक अनुरोध भेजकर भारत मौजूदा वित्तीय वर्ष में अंतिम अनुबंध पूरा कर लेना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका से खरीदे जाने वाले कुल 31 ड्रोन में से 15 ड्रोन भारतीय नौसेना के लिए और आठ ड्रोन सेना और शेष 8 ड्रोन वायु सेना को दिए जाएंगे। नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर के जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए भारत आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी और जो बाइडेन की महत्वपूर्ण बैठक भी होनी है।

### मध्य प्रदेश में सरकार का किसान कानून व्यवस्था और हितग्राही पर जोर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार का आगामी समय में किसानों के साथ हितग्राही और कानून व्यवस्था पर खास जोर रहने वाला है, इस बात के संकेत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अधिकारियों के साथ हुई बैठक में साफ तौर पर मिल गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमिश्नर, आईजी व कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस को समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति, फसलों की स्थिति की सतत निगरानी, खाद की आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, हितग्राही मूलक योजनाओं में समय पर भुगतान, नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास रथों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी ड्यूटी है, यह मेरी भी ड्यूटी है। हम अपनी चुस्ती, फुर्ती और सावधानी में कोई कमी न आने दें। पुलिस महानिदेशक तीज त्यौहार में कानून व्यवस्था की निरंतर समीक्षा करते रहें। एसपी-कलेक्टर शांति समिति की बैठक कर आवश्यक निर्णय लें, प्रदेश में सभी ओर शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाएं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वर्षा आरंभ हुई है, इससे कई फसलों को जीवनदान मिलेगा, लेकिन कई जगह सोयाबीन की फसलों का नुकसान हुआ है। किसान चिंता न करें, किसानों का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सभी जिला अधिकारी फसलों की स्थिति पर नजर रखें। जहां भी अल्प वर्षा के कारण नुकसान की स्थिति निर्मित होगी, वहां राहत दी जाएगी, फसल बीमा का भी भुगतान होगा। क्षति का आकलन कर आरबीसी 6(4) के अंतर्गत राहत दी जाएगी। यह हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बिजली को लेकर अब स्थिति सामान्य है, लेकिन हम बिजली की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

### जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा, सभी नेताओं की मंजूरी के बाद दिल्ली घोषणा होगी सार्वजनिक

**नई दिल्ली।** जी20 के कई आयोजनों में अपनाए गए विभिन्न प्रस्तावों पर चीन के लगातार विरोध के बीच जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी नेताओं द्वारा मंजूरी मिलने के बाद ही दिल्ली घोषणा को अंतिम रूप दिया जाएगा।चीन ने बहुपक्षीय आयोजन के लिए संस्कृत आदर्श वाक्य (वसुधैव कुटुंबकम) के इस्तेमाल और विभिन्न निष्कर्ष दस्तावेजों में यूक्रेन संघर्ष को शामिल करने पर आपत्ति जताई थी। कांत ने संयुक्त घोषणा के कंटेंट, जिसे दिल्ली घोषणा के रूप में भी जाना जायेगा, के बारे में कहा, (जी20 शिखर सम्मेलन की) यात्रा अभी शुरू हुई है, इसलिए थोड़ा धैर्य रखना चाहिए। शिखर सम्मेलन के समापन के बाद हम इसकी एक झलक दिखाएंगे। नेताओं को सिफारिशों को मंजूरी देनी होगी, और एक बार जब यह अनुमोदित हो जाएगा तो इस सार्वजनिक किया जाएगा। विदेश सचिव विनय क्वात्रा और भारत के जी20 अध्यक्ष पद के मुख्य समन्वयक हर्ष वर्धन श्रृंगला के साथ शिखर सम्मेलन की पूर्व संध?या पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शेरपा हैं और शिखर सम्मेलन में सिफारिशें नेताओं को दी जाती हैं, और एक बार जब उन्हें मंजूरी मिल जाएगी, तो घोषणा का कंटेंट सार्वजनिक रूप से सामने आ जाएगा। कांत ने दोहराया, घोषणा की गोपनीयता को समझें। नेताओं द्वारा कंटेंट को मंजूरी मिलने के बाद हम इस पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

# विश्व के नेताओं के साथ 15 से ज्यादा द्विपक्षीय बैठक करेंगे पीएम मोदी, जारी हुआ प्रोग्राम

**नई दिल्ली।** भारत में 19 देशों और यूरोपियन यूनियन के समूह जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है. 9 और 10 सितंबर के लिए होने वाले इस सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान को चुना गया है. प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम को दुल्हन की तरह सजाया गया है. क्योंकि पूरी दुनिया की नजरें भारत में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन पर टिकी हैं. इसलिए सरकार ने युद्ध स्तर पर तैयारी की है. सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जैसे 30 से ज्यादा देशों को ताकतवर नेता शामिल होंगे. भारत के लिए यह समिट बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व नेताओं के साथ 15 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें करेंगे. 8 सितंबर को पीएम मोदी मॉरीशस, बांग्लादेश और अमेरिका के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे. 9 सितंबर को जी20 बैठकों के अलावा पीएम मोदी यूके, जापान, जर्मनी और इटली के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और 10 सितंबर को पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ वर्किंग लंच मीटिंग करेंगे. वह कनाडा के साथ एक अलग बैठक करेंगे और कोमोरोस, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और नाइजीरिया के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे. सम्मेलन से पहले अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट एल. येलेन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होगी. हम भारत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को अत्यधिक महत्व देते हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया के बाहर सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासियों का निवास स्थान है और भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है.



### भारत की नैटको फार्मा पर अमेरिका में मुकदमा

**चेन्नई।** हैदराबाद स्थित फार्मास्युटिकल प्रमुख नैटको फार्मा लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी और अन्य को अमेरिका में दायर एक मामले में प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया है। एक नियामक फाइलिंग में नैटको फार्मा ने कहा, कंपनी को सेल्जीन कॉर्पोरेशन, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और ब्रेकेनरिज फार्मास्युटिकल के साथ अमेरिका में एक अविश्वास मुकदमे में प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया है। पोमैलिडोमाइड (पोमालिस्ट) के संबंध में लुइसियाना स्वास्थ्य सेवा और क्षतिपूर्ति कंपनी डी/बी/ए ब्लू क्रॉस और ब्लू शील्ड ऑफ लोसिसियाना और एचएमओ लुइसियाना द्वारा मुकदमा दायर किया गया था। पोमैलिडोमाइड कैंसर की एक सामान्य दवा है।




### बाइडेन का बेसब्री से इंतजार, भारत सही समय पर जी-20 सम्मेलन की मेजबानी कर रहाः ऋषि सुनक

**नई दिल्ली।** भारत इस बार 19 देशों और यूरोपियन यूनियन के समूह जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है. भारत के लिए अति-महत्वपूर्ण इस सम्मेलन की तैयारी पूरी हो चुकी है. सम्मलेन का आयोजन दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 9 और 10 सितंबर को किया जाएगा. जिसमें अमेरिका और फ्रांस समेत 30 से ज्यादा के देशों को राष्टाध्यक्ष और प्रतिनिधि शामिल होने भारत आ रहे हैं. इस क्रम में कई विदेशी नेता जहां भारत पहुंच चुके हैं, वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आज शाम 7 बजे तक नई दिल्ली पहुंच जाएंगे. भारत सरकार ने इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व नेताओं के साथ 15 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें करेंगे. 8 सितंबर को पीएम मोदी मॉरीशस, बांग्लादेश और अमेरिका के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे. 9 सितंबर को जी20 बैठकों के अलावा पीएम मोदी यूके, जापान, जर्मनी और इटली के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और 10 सितंबर को पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ वर्किंग लंच मीटिंग करेंगे. वह कनाडा के साथ एक अलग बैठक करेंगे और कोमोरोस, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और नाइजीरिया के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे.

## वर्ल्ड लीडर के लिए सेफ जोन बनी दिल्ली

**नई दिल्ली।** इस बार भारत की अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन हो रहा है. शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जी-20 के सदस्य 10 देशों के राष्ट्रपति-प्रधानमंत्रियों के अलावा यूरोपियन यूनियन के डेलीगेट्स और नौ मेहमान देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी दिल्ली पहुंच रहे हैं. सभी मेहमानों की सुरक्षा के लिए मद्देजर दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया गया है. राजधानी के चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है. जिससे विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में कोई चूक न हो. जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते दिल्ली में 8-10 सितंबर के बीच कई तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं. वहीं राजधानी में कुछ रूट्स पर ट्रैफिक डायवर्ट भी किया गया है. ये पाबंदियां 7 सितंबर की रात से ही लूगा कर दी गई हैं. भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों की एंट्री पर रविवार आधी रात तक पाबंदी लगा दी गई है. कल यानी शनिवार सुबह 5 बजे से टैक्सियों और ऑटो पर भी प्रतिबंध लागू किया जाएगा. जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए राजधानी दिल्ली दुल्हन की तरह सज संवर कर तैयार है. यही नहीं इसकी सुरक्षा में भी कोई कोताही नहीं बरती गई है. पूरी दिल्ली में दिल्ली पुलिस के 50 हजार जवानों के अलावा एनएसजी, सीआरपीएफ, सीएपीएफ और सेना के करीब 80 हजार जवानों की तैनाती की गई है.




## 6 राज्यों की सात सीटों के उपचुनाव की मतगणना जारी

**नई दिल्ली।** देश के 6 राज्यों की सात विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव के आज नतीजे आ रहे हैं. जिसके लिए वोटों की गिनती जारी है. सबकी निगाहें उत्तर प्रदेश की घोसी सीट पर टिकी हुई हैं. इस सीट के लिए हुए विधानसभा उप चुनाव में कुल 2 लाख 17 हजार मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया. मतगणना के लिए कुल 14 टेबल बनाये गए हैं. मतगणना कुल 32 राउंड में होगी. मतगणना के लिए यहां 19 टीमें लगाई गई हैं. घोसी सीट पर बीजेपी और सपा समेत कुल 10 प्रत्याशी उपचुनाव के मैदान में हैं. बता दें कि इन छह राज्यों में की 7 विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर भी देखा जा रहा है. ये उपचुनाव विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए बड़ा टेस्ट माना जा रहा है. बता दें कि जिन सात सीटों के बुधवार यानी 5 सितंबर को मतदान हुआ है. उनमें उत्तराखंड की बागेश्वर, उत्तर प्रदेश की घोसी, केरल की पुथुपल्ली, पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी, झारखंड की डुमरी और त्रिपुरा की बॉक्सानगर और धनपुर सीट शामिल हैं. वोटों की गिनती सुबह 8 बजे शुरू हुई है. आज शाम तक सभी सीटों के नतीजे जारी कर दिए जाएंगे.

बता दें कि इन सात सीटों में से धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी पर बीजेपी का पहले से ही कब्जा है, वहीं यूपी की घोसी पर सपा और झारखंड की सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है. वहीं त्रिपुरा की बॉक्सनगर सीट और केरल की पुथुपल्ली सीट सीपीएम और कांग्रेस के पास हैं. उत्तर प्रदेश की घोसी सीट मौजूदा विधायक और ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद खाली हुई है. इसलिए इस सीट पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं. बीजेपी और सपा दोनों ही पार्टियां इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए तत्पर हैं. अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी इस सीट पर एक बार फिर से कब्जा करने के लिए चुनावी मैदान में है. वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड की बागेश्वर सीट चार बार के विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन के बाद इसी साल अप्रैल में खाली हो गई थी. केरल की पुथुपल्ली सीट पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता ओमन चांडी के निधन से खाली हुई थी. इस सीट पर अब किसका कब्जा होगा ये भी देखने वाली बात होगी. उधर त्रिपुरा में सीपीएम ने वोट काउंटिंग के बहिष्कार का ऐलान किया है. क्योंकि पार्टी का कहना है कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई. वहीं पश्चिम बंगाल के धुपगुड़ी में सत्तारूढ़ तृणमूल को टक्कर देने के लिए सीपीएम और कांग्रेस एक साथ चुनावी मैदान में हैं. सबसे अनोखी बात ये है कि यहां चुनावी मैदान में आमने-सामने आई पार्टियां विपक्षी गुट इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं.



## जी20 शिखर सम्मेलन : राज निवास से शहर की सुरक्षा की निगरानी करेंगे दिल्ली के उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना शनिवार को शुरू होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राज निवास से शहर की सुरक्षा की निगरानी करेंगे। एलजी ऑफिस से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, उपराज्यपाल शहर में सुरक्षा स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे और पीएचक्यू (पुलिस मुख्यालय) में दिल्ली पुलिस के अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष के कमांड रूम के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे। इसमें आगे बताया गया कि एलजी पुलिस आयुक्त के संपर्क में रहेंगे और कंट्रोल रूम में स्थापित हाई-टेक गैजेट्स के माध्यम से शहर का लाइव जायजा लेने के अलावा, जी20 आवश्यकताओं के लिए हर सड़क और होटल पर नजर रखेंगे। हाल में उपराज्यपाल ने नियंत्रण कक्ष का दौरा किया था। उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त के साथ कर्मियों की तैनाती की बारीकियों और पूरे शहर पर कड़ी नजर रखने के लिए किए गए उच्च तकनीक सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की। उन्हें बताया गया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित 5,000 से अधिक सीसीटीवी लाइव विजुअल दिखाएंगे। बयान में जिक्र है कि 25 सुरक्षाकर्मियों वाली दो टीम अलग-अलग शिफ्टों में निगरानी करेंगी, डिजिटल जानकारी 24 घंटे नियंत्रण कक्ष में भेजी जाएगी। कंट्रोल रूम को जिलेवार दृश्य मिल रहे हैं। शहर और इसकी सड़कों पर नजर रखने के लिए 30 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष कमांड रूम स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में सामान्य आकार के मॉनिटरों के अलावा दो विशाल स्क्रीन भी लगाई गई है, जिनमें तस्वीरों को बड़ा किया जा सकता है। पुलिस आयुक्त ने उपराज्यपाल को जानकारी दी कि प्रत्येक जिले से 24 घंटे सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं।



## ब्रिटिश पीएम सुनक का जय सियाराम से स्वागत केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किया अभिवादन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों का आना लगा हुआ है. ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक दिल्ली पहुंच चुके हैं. इस दौरान पीएम सुनक का जय सियाराम से स्वागत किया गया. केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे उन्हें रिसीव करने के लिए पहुंचे. ब्रिटिश पीएम सुनक का यह पहला भारतीय दौरा है. उनका स्वागत केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किया. इस दौरान उनके मीडिया सलाहकार पंकज मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री चौबे ने ब्रिटेन के पीएम प्रधानमंत्री को उनके पूर्वजों की धरती पर स्वागत करते हुए जय सियाराम से अभिवादन किया. ऋषि सुनक को केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि वह बिहार के बक्सर से सांसद हैं. बक्सर आध्यात्मिक रूप से प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध नगर है. जहां भगवान श्री राम और उनके भाई लक्ष्मण ने गुरु महर्षि विश्वामित्र से शिक्षा प्राप्त की थी. यहां पर उन्होंने ताड़का वध किया था. ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गाथा को उत्साह से सुना. उन्होंने पीएम सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति का भारत के दामाद और बेटी के रूप में भी स्वागत किया. अश्विनी चौबे ने कहा, भारत की धरती आपकी पूर्वजों की धरती है. यहां पर आने से सभी काफी उत्साहित हैं.



## राष्ट्रपति द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे पूर्व पीएम देवगौड़ा

**नई दिल्ली।** 2023 जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले मोहमानों के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रिभोज में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा शामिल नहीं होंगे. दरअसल, स्वास्थ्य कारणों के चलते पूर्व पीएम देवगौड़ा राष्ट्रपति के रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे. पूर्व पीएम के आधिकारिक एक्स हैंडल से इसके बारे में जानकारी दी गई. पूर्व पीएम देवगौड़ा ने एक्स पर लिखा, ÷मैं स्वास्थ्य कारणों से 09 सितंबर 2023 को भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा आयोजित जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होऊंगा. मैंने पहले ही सरकार को इस बारे में सूचित कर दिया है. मैं जी20 शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता की कामना करता हूं. बता दें कि कल यानी शनिवार को होने वाले रात्रिभोज के लिए सभी कैबिनेट और राज्य मंत्रियों को निमंत्रण भेजा गया है. इसके साथ ही सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी इस भोज में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है. मेहमानों की सूची में सभी सचिव और अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल हैं जिनमें बड़े उद्योगपति का नाम भी है. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और एचडी देवेगौडा को भी रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया गया है. लेकिन पूर्व पीएम देवगौड़ा ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए रात्रिभोज में शामिल होने से मना कर दिया है. बता दें कि इस रात्रिभोज के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को न्योता नहीं भेजा गया है. नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विश्व के तमाम नेता आज भारत पहुंच रहे हैं. जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा का नाम भी शामिल है. जबकि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अलावा स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ इस सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे. नाइजीरिया, अर्जेंटीना, इटली, एयू (कॉम्रोस द्वारा प्रतिनिधित्व), और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं. बांग्लादेश, यूनाइटेड किंगडम, जापान सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, इंडोनेशिया, तुर्की स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, मैक्सिको, यूरोपीय संघ, सिंगापुर के राष्ट्राध्यक्ष में इस सम्मेलन में शामिल होंगे.



# शिशु मंदिर मुंगावली ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, ओर मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी





**पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

मुंगावली। 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के मौके पर नगर के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर ने लम्बे समय तक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके कई सेवा निवर्त शिक्षको का संम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे विद्यालय की संचालन समिति के उपाध्यक्ष ओर सेवा निवर्त शिक्षक रविन्द्र सिंह बेस, ओमप्रकाश सुमन, के पी राजपूत, बैजनाथ असबरिया, गंगा प्रशाद श्रीवास्तब, पी एस यादब ओर अरुण जैन का माला पहनाकर, शॉल ओर स्मृति चिन्ह नारियल आदि देकर सम्मान किया संम्मान करने बालो में संचालन समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी ओर उपाध्यक्ष रविन्द्र बैस प्रमुख रहे। सभी सेवा निवर्त शिक्षको ने भैया बहिनो को अपनी सेवा काल के कई खट्टे मीठे अनुभव सुनाए ओर भैया बहिनों को बतलाया कि किस तरह जीवन मे एक शिक्षक का महत्वपूर्ण स्थान रहता है।

साथ ही शिक्षक दिवस के इस मौके पर विद्यालय के आचार्य दीदियों का सम्मान भी सेवा निवर्त शिक्षको द्वारा किया गया। इसके अलावा 7 सितम्बर को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम भी मनाया गया जिसमे विभिन्न कक्षाओं के नंन्हे भैया बहिन राधा कृष्ण के स्वरूप बनाकर आये थे विद्यालय में झूले डाले गए और झूलों को फूल मालाओं से सजाया गया स्वरूप बनायें राधा कृष्ण को उन सुंदर झूलों पर बिठाया गया। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव सोनीऔर पालक प्रतिनिधि नटवर गोस्वामी , कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुव्रेदी ने भगवान कृष्ण का पूजन अर्चन कर आरती कि ओर झांकियों का अवलोकन किया साथ ही भैया बहिनों की मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन कृष्ण जन्म अष्ठमी को किया गया जिसमें विजेता भैया बहिनो को पुरुष्कार दिए जाएंगे। शिक्षक दिवस की सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम ओर दसम के भैया बहिनों द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन आचार्य राधेस्याम उपाध्याय ने किया।

## आगामी चुनावों के मद्देनजर शिवपुरी पुलिस की आदतन अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही

### पुलिस अधीक्षक शिवपुरी की अनुशंसा पर कलेक्टर शिवपुरी द्वारा छः आदतन अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की



**शिवपुरी।** श्री रविन्द्र कुमार चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर जिले के निम्नधलिखित आपराधियों को जिलाबदर किये जाने का आदेश पारित किया। 1. रिंकू उर्फ दिलीप राजपूत पुत्र प्रेमसिंह राजपूत उम्र 35 साल निवासी बस स्टे ण्ड मगरौनी चौकी थाना नरवर जिला शिवपुरी 2. मंगल पुत्र रामदास लोधी उम्र 28 साल निवासी ग्राम ढंगी नयागांव थाना पिछोर जिला शिवपुरी 3. राजेश पुत्र पूरन जैन उम्र 49 साल निवासी अकाझिरी थाना रन्नौगद जिला शिवपुरी 4. मनोज सेन पुत्र स्वर. रामजीलाल सेन उम्र 42 साल निवासी राजपुरा रोड़ शिवपुरी थाना देहात जिला शिवपुरी 5. जीतू उर्फ जीतेन्द्रन कुशवाह पुत्र नारायण कुशवाह उम्र 33 निवासी ग्राम बारई थाना बदरवास जिला शिवपुरी 6. सौरभ यादव पिता उदय सिंह उर्फ उधम सिंह कुशवाह थाना नरवर को जिलाबदर किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

## रामकथा में भगवान के नाम की महिमा

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** परशुराम टेकरी के नीचे पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने 21 दिवसीय रामकथा के तीसरे दिन कथा वाचक पं. अरविंद दुबे ने कहा कि राम के नाम की महिमा जो रामचरितमानस में गोस्वामी, तुलसीदास ने की हैं वो भगवान के नाम की महिमा, वेदो में, उपनिषद में, शास्त्रो में पुराणों में नही, यहां तक की वाल्मीकि रामायण में भी नही हैं, जो महिमा रामचरितमानस में है। भगवान ने अपनी सारी शक्ति नाम में निहित कर दी है, इसलिए तुलसीदास ने राम के नाम की महिमा को 9 दोहे और 72 चौपाई में की हैं। राम एक तापस मुनि तारी, नाम कोटि खल सुमति सुधारी। भावार्थ राम जी ने एक अहिल्या नारी को तारा परंतु राम के नाम ने कडोरो खलो के जीवन में परिवर्तन कर दिया। व्यास जी ने अनेक चौपाइयों के द्वारा राम के नाम की जप का महत्व बताया। कथा के यजमान की भूमिका पुरूषोत्तम चौबे हरिओम निभा रहे हैं, तो महेन्द्र गोस्वामी, मुकुट बिहारी खरे साथियों सहित व्यवस्था में लगे हैं। इस अवसर पर महंत प्रहलाद दास, राममनोहर उपाध्याय, महिमानंद दास, मुन्ना गौतम, पं. रामदास चौबे, जयपाल यादव, महेन्द्र गोस्वामी, मुकुट बिहारी खरे, राममनोहर चौबे, भगवानदास गर्ग, विमलेश खरे आदि की उपस्थिति रही।




## नयागांव पुलिस ने एक अवैध कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती पूनम थापा शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 08/09/2023 को दौराने इलाका भ्रमण घटना स्थल ओझा मोड से आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा व 315 बोर का जिंदा राउण्ड जप्त किया गया तथा अपराध क्र. 85-23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जब्त मशरुका- एक 315 बोर का देशी कट्टा एक 315 बोर का जिंदा राउण्ड। उक्त कार्यवाही में नयागांव थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक सिहं तोमर ,का.सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार,का.प्रधान आरक्षक गणेशराम, केशव,आरक्षक सुशील, ब्रजभूषणधर्मेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही ।

## विधानसभा में कांग्रेस बीजेपी की गणित बिगाड़ सकते हैं, लखन आर्वे

### निडरता से हर जगह आवाज उठाने वाले सनावद बड़वाह अध्यक्ष आर्वे

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन। बीजेपी कांग्रेस जोरो शोरो से विधानसभा का प्रचार कर रही हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में आवाज लखन आर्वे के नाम से गूंज रही हैं, लखन आर्वे जयस युवाओं की शान बीजेपी कांग्रेस को दे सकतें है बड़ी टक्कर, बिगाड़ देंगे, बीजेपी कांग्रेस की गणित, बड़वाह विधानसभा क्षेत्र 182 से जयस अध्यक्ष लखन आर्वे बेड़ियां बड़वाह सनावद दावेदार कर रहे हैं। सभी सामाजिक संगठनों से मिलकर दावेदार कर रहे हैं जो भीम आर्मी , मिलकर गठबंधन करके अपनी दावेदार कर रहे हैं। बेरोजगार युवाओं की लड़ाई हमेशा लड़ता है। गरीब लोगों की आवाज हमेशा उठता है। हक अधिकारों की लड़ाई हमेशा लड़ता है।




ओर अभी वर्तमान में सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बलिता से अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की आवाज हमेशा उठता है। बड़वाह विधानसभा के लिए युवा चेहरा इस बार मैदान में उतरकर अपने हक अधिकारों की अपने लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाएगा। बड़वाह विधानसभा क्षेत्र 182 लाखों युवा चाहते हैं। अबकी बार लखन आवे बड़वाह विधानसभा में अपनी दावेदारी कर रहे कांग्रेस बीजेपी छोड़कर त्रिकोण मुकाबला बड़वाह विधानसभा में होने वाला है। जो कि जयस कांग्रेस भाजपा दोनों की गणित बिगाड़ सकती हैं।जो बड़वाह विधानसभा से जयस अध्यक्ष लखन आवे अपनी दावेदारी कर रहे बड़वाह से जयस फाइनल टिकट भी हो सकता है।

## हिंदू जागरण मंच ने सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेताओं का किया पुतला दहन

**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले डीएमके के नेता उदय निधि स्टालिन, के राजा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का हिंदू जागरण मंच ने शहर के अस्पताल चौराहे पर पुतला दहन किया । मंच के सदस्यों नें बताया लगातार सनातन धर्म पर हो रही राजनीति के बीच बार-बार,नए नए बने संगठन इंडिया के नेताओं द्वारा सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना जैसी गंभीर बीमारी की तरह बताकर सनातन धर्म का अंत करने की सार्वजनिक मंच से हो रही है, इस माह गठबंधन के नेताओं द्वारा सनातन संस्कृति का अंत करने की बात करने वाले नेताओं के खिलाफ हिंदू जागरण मंच जिला दमोह ने जोरदार प्रदर्शन किया, इस प्रदर्शन में डीएमके के नेता उदय निधि स्टालिन, 2.जीरो स्पेक्ट्रम घोटाले के आरोपी रहे राजा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर जोरदार नारेबाजी करते हुए सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले महागठबंधन के नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन करने में हिंदू जागरण मंच के समस्त कार्यकर्ता रहे।

## पटवारियों की कलम बंद हड़ताल से क्षेत्र के किसानों के हो रहे काम प्रभावित

### लगातार 12वे दिन भी पटवारियों की हड़ताल रहीं जारी

**ब्यूरो चीफ रीवा**

रीवा/जिस तरह प्रदेश भर में पटवारियों द्वारा वेतन वृद्धि को लेकर आज 12वे दिन भी कलेक्टर कार्यालय के सामने जिले भर के पटवारी भारी संख्या में कलमबंद हड़ताल पर बैठे हैं पर अभी तक शासन स्तर पर कोई भी अधिकारी उनकी जायज मांगों को गंभीरता से विचार नहीं कर रहे हैं। संघ के उप प्रांताध्यक्ष जवाहरलाल शुक्ला, अध्यक्ष अनंत प्रताप सिंह ने कहा है कि दूसरे राज्यों की अपेक्षा हमारे मध्य प्रदेश के पटवारियों की वेतन वृद्धि सबसे कम है और इसीलिए हमारी सभी मांगे जायज है वही संघ ने शासन प्रशासन से अपील करते हुए कहा



है कि किसानों की परेशानियों को देखते हुए हम सभी प्रदेश भर के पटवारियों की मांगे जल्द से जल्द पूरा करें वही पटवारियों के हड़ताल ले चले जाने से क्षेत्र के किसानों के कई काम जैसे सीमांकन, नक्शा तरमीन, बरिसाना, बटवारा, के साथ जांच प्रतिवेदन के तहसीलों में ढेर लग गए हैं जिससे जिले भर के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है धरना स्थल पर पटवारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष जवाहरलाल शुक्ला, अध्यक्ष अनंत प्रताप सिंह, सचिव रवि विश्वकर्मा,गुढ तहसील के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पटेल, संदीप शुक्ला, व्यासमुनि, विनीता सिंह, सुनील वर्मा, नरेंद्र पांडेय, देवेंद्र पांडे, विकास द्विवेदी, पवन सोनी, राजमणि जायसवाल, वेद प्रकाश मिश्रा, सतीश वर्मा, के साथ-साथ सैकड़ो पटवारी उपस्थित रहे।

## चाचोड़ी सोमेसर में कृष्ण जन्माष्टमी पर दहीहांडी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी**
**पाली राजस्थान**



रानी पाली। रानी उपखंड क्षेत्र के सोमेसर गाँव दो नंबर वार्ड में मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्सोल्लास के साथ संपन्न। गांव के सभी नन्हे मुन्हे बालकों ने रंग बिरंगे कपड़े पहन कर कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दही हांड़ी कार्यक्रम में भाग लिया। उत्तम गोरी ने बताया कि कृष्ण की रासलीला एवं अन्य प्रकार के भजनो एवं लोकगीतों पर सभी ने खूब नृत्य किया बाद में रात्रि को पिरामिड बनाकर अलग अलग टीमो ने दही हांडी फोड़ने में अपना दमखम दिखाया । विजेता टीम को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस दरमियान चाचोड़ी में प्रजापत समाज सिरवी समाज एवम राजपुरोहित समाज के संयुक्त तत्वाधान में अलग-अलग स्थान पर कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पवित्र पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इस मौके पर उत्तम गौरी, नितिन बैरवा, रविकुमार,दीपक मीणा,संजय सिसोदिया, करण मीणा उत्तम माली,रतन कुमार,रोहित,कन्हैया लाल सिसोदिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उल्लास के साथ उत्सव पूर्वक मनाई गई जन्माष्टमी

## जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए जनसंपर्क मंत्री

**सम्भागीय ब्यूरो रीवा**



रीवा। जन्माष्टमी का त्योहार जिले में उत्सव पूर्ण माहौल में उल्लास के साथ मनाया गया। रीवा शहर में विभिन्न स्थानों पर कृष्ण जन्म समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल शहर में गत रात्रि केन्द्रीय जेल, नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 13, कृष्णाराजकपूर आडिटोरियम, मानस भवन एवं मुकाती मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रमों में शामिल हुए। जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे देश की पहचान आध्यात्मिक एवं धार्मिक शक्ति से है। हमारा देश विश्व में अपने आप में विशेष महत्व रखता है जहां सभी एक जुट होकर त्योहार मनाते हैं यह त्योहार हमें एक सूत्र में बांधने का भी काम करते हैं। इसी विशेषता के कारण हम विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आत्मा शुद्ध हो जाती है और आत्मा में ही परमात्मा का वास होता है। शरणागत होने से भगवान प्रसन्न होते हैं और भक्त को भगवान का दर्शन होता है। उन्होंने कहा कि भगवान के बताये मार्ग पर ही चलकर सफलता व सद्गति पाई जा सकती है। श्री शुक्ल ने जेल परिसर में आयोजित जन्माष्टमी आयोजन में प्रस्तुत किये गये भजन व नाटक्ष्प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की तथा बंदियों को अच्छे आचरण रखने की समझाइश दी ताकि उनके जेल से रिहा होने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कानून और व्यवस्था की समीक्षा

**सम्भागीय ब्यूरो रीवा**

रीवा।. मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून और व्यवस्था की स्थिति तथा विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विकास रथों के माध्यम से योजनाओं के प्रचार-प्रसार के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैस, पुलिस महानिदेशक विजय सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्यौहारों तथा निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रखें। कुछ जिलों में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करें। कानून और व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। आगामी 40 दिनों में कई त्यौहार होंगे। त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रखें। बारिश के कारण फसलों की स्थिति और बिजली की आपूर्ति में सुधार हुआ है। प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में यदि फसल सूखी है तो तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित राहत राशि प्रदान करें। फसलों की स्थिति के अनुसार सभी रिपोर्ट तैयार करें। बिजली की आपूर्ति की कलेक्टर निगरानी करें। कृषि कार्य के लिए निर्धारित 10 घण्टे की बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर जल जीवन मिशन के कार्यों की भी सतत निगरानी करके लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में खाद की कमी नहीं है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। कृषि विभाग के अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय के सहयोग से



किसानों को फसलों के संबंध में उचित सलाह दें। हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए हर गरीब तक योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित करें। शीघ्र ही मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू हो रही है। इसकी पात्रता की शर्तें तथा पूरा विवरण जारी किया जा रहा है। निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पात्र परिवारों की सूची पारदर्शिता से तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास रथ के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शासन की योजनाओं की एक घण्टे की फिल्म दिखाई जा रही है। रथ के भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार कर इसका प्रचार-प्रसार कराएं। जिससे अधिक से अधिक व्यक्ति प्रचार रथ का अवलोकन कर सकें। रथ के भ्रमण के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर प्रतिदिन की गतिविधि की फोटो और वीडियो प्रस्तुत करें। ऑटो रिक्शा में फ्लैक्स लगाने, दीवार लेखन तथा अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार गतिविधियों की कलेक्टर निगरानी करें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रसारण कराएं। प्रधानमंत्री जी का बीना में 14 सितम्बर को कार्यक्रम प्रस्तावित है। दौरे की सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर अनिल सुचारी, एडीजीपी केपी व्यंकटेश्वर राव, डीआईजी मिथिलेश शुक्ला, संयुक्त आयुक्त निलेश परीख तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेन्द्र जैन, आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेजे से टुकड़ा भारत माता के लिए निकल कर जो पहुंचा

**शिवपुरी करैरा, पुष्पांजलि टुडे**



मैं आए नए जवानों का स्वागत किया और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए चंद कुछ शब्द कहे-मां ने अपने कलेजे से टुकड़ा भारत माता के लिए निकल कर जो पहुंचा है उसको सिपाही/जीडी जितेंद्र सिंह गुर्जर ने अपने गले लगाया है। फौज का अनुशासन उन्हें बताया है। मुश्किल वक्त में भी मुस्कुराना सिखाया है। आइटीबीपी कैंप से परिचय कराया है।

## तीर्थदर्शन ट्रेन से हर्षित मन से 200 तीर्थयात्री रामेश्वरम हुए रवाना

**ब्यूरो चीफ रीवा**



**रीवा।** सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना से बुजुर्गों को देश के किसी एक प्रमुख तीर्थ स्थल का निःशुल्क भ्रमण कराया जाता है। इस अनूठी योजना से कई बुजुर्गों के तीर्थयात्रा के सपने पूरे हो रहे हैं। रीवा से 200 बुजुर्गों को लेकर तीर्थदर्शन ट्रेन रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। रामेश्वरम में तीर्थयात्रियों को दर्शन कराकर ट्रेन 13 सितम्बर को वापस रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यात्रा में शामिल तीर्थयात्रियों ने हर्षित मन से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को तीर्थयात्रा कराने के लिए धन्यवाद दिया। रीवा रेलवे स्टेशन से संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी ने तीर्थयात्रियों का पुष्पहार से स्वागत कर तीर्थयात्रा पर रवाना किया। रेलवे स्टेशन में यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें प्राथमिक उपचार की दवाएं प्रदान की गई।



## मां रतनगढ़ मंदिर पर पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को मौ नगर रतवा रोड पर रोककर बजरंग दल की पूरी टीम द्वारा फल वितरण कर जलपान कराया गया

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

भिंड- मौ नगर से होकर डीजे एवं पैदल चलकर ग्राम परघेना से आए श्रद्धालुओं को मौ नगर में बजरंग दल की टीम के द्वारा फल वितरण कर जलपान कराया गया श्रद्धालु रतनगढ़ वाली माता पर दो-तीन दिन की यात्रा करके पहुंचेंगे और मां रतनगढ़ वाली की बड़ी ही महिमा मानी जाती है की कोई भी श्रद्धालु मां रतनगढ़ वाली पर जवारे एवं पैदल यात्रा करके मां के दर्शन करने पहुंचते हैं तो उनके सभी कष्ट दूर कर उनकी मनोकामना पूर्ण मां कर देती हैं ऐसे ही कई श्रद्धालु पैदल चलकर मां के दर्शन करने के लिए रतनगढ़ धाम को जा रहे हैं जिसमें मौ नगर में उनको रतवा रोड बजरंग दल के कार्यकर्ता पवन राठौर के निज निवास पर रोककर बजरंग दल की पूरी टीम के द्वारा फल आहार कराया गया जिसमें उपस्थित अतुल राजपूत,पवन राठौड़, आकाश कुशवाह, सतीश परिहार, देवेंद्र कुशवाह,शिवसिंह यादव, कृष्ण यादव, मनीष यादव, निहाल प्रजापति, हरेंद्र गुर्जर, दिलीप कुशवाह आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर-घर जन्मे कृष्ण कन्हाई, भक्तो में छाया आनन्द

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह-विश्व के सबसे बड़े रणनीतिकार भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े भव्यता के साथ नगर के मंदिरों तथा घर घर मे धूमधाम से मनाया गया।जन्माष्टमी के पर्व पर घरो व मंदिरों में अलग ही रौनक दिखाई दी।जिसके चलते घरों में छोटे बच्चों को कान्हा और छोटी बच्चियों को राधा का रूप दिया गया।वहीं मंदिरों में शाम होते ही भगवान कृष्ण के गानों से मन्दिर परिसर गुंजायमान सुनाई दिया।नगर के वार्ड नंबर 9 में स्थित कल्याण राव सरकार( बांके बिहारी मंदिर परिसर )तथा मुरली मनोहर मन्दिर( बुधौलिया भवन) के साथ साथ यादव गली में जैसे ही घड़ी में 12ः00 बजे वैसे ही चारो तरफ ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की के गगन भेदी जयकारों से समूचा नगर गुंजायमान हो गया।इसके पश्चात सभी जगह भगवान की आरती की गई और उनको झूला झुलाया गया।इसके बाद सभी भक्तो को प्रसादी वितरित की गई।इस मौके पर नगर के मंदिरों में भक्तो का सैलाब उपस्थित रहा।इस दौरान कहीं पर मन्दिरों में भजन कीर्तन हो रहे थे तो कहीं पर भगवान के वेश में छोटे छोटे बच्चों की मनमोहक झाँकियाँ सजाई गई थी।नगर के वार्ड नम्बर 07 में रहने वाली साक्षी गुप्ता पत्नी अर्पित गुप्ता बताती हैं कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं और जन्माष्टमी के दिन बच्चों को भगवान की भेष भूषा में तैयार कर उन्हें राधा कृष्ण का रूप दिया जाता है जिससे उनमें एक नई ऊर्जा का संचार भी होता है और बच्चों को काफी अच्छा भी लगता है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निराला रंग बिहार में हुआ भक्ति पर्व का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### आध्यात्मिक वातावरण में भजन और नृत्य नाटिका का मंचन हुआ



**भिण्ड ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति पर्व कार्यक्रम में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण पर केन्द्रित नृत्य एवं भजन की सभा संयोजित की गईं। जिसमें आध्यात्मिक वातावरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर निराला रंग बिहार मेला ग्राउंड भिण्ड में भक्ति पर्व का शुभारंभ लोकसभा क्षेत्र गुना के सांसद डॉ के.पी. यादव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम भिण्ड रवि मालवीय, एसडीएम अटेर पराग जैन, विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, आमाजन, पत्रकारबन्धु उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के सहयोग से प्रसिद्ध कलाकारों के दल द्वारा आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने सुश्री कृष्णाक्षी कश्यप एवं ग्रुप,भुवनेश्वर (श्रीकृष्ण आधारित नृत्य नाटिका), प्रेमसिंह दिपालपुरिया एवं साथी, भोपाल (लोक गायन) द्वारा आकर्षक भक्ति संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## स्वीप गतिविधि अंतर्गत जिले में मेहंदी व रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूक अभियान जारी है। इसी क्रम में आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मेंहदी, रंगोली, रैली, शपथ सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा मतदान को बड़ावा देने के लिए मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने प्रेरित किया गया और 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को अपना वोटर कार्ड बनवाने एवं मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही मतदान का महत्व समझाया गया।

# युवाओं से नौकरी के नाम पर धोखा देने वाली भाजपा किस मुंह से मांग रही है जनआशीर्वाद : अंशु अरेले

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश में पिछले 18 वर्षो से भाजपा की सरकार है जिसमें युवाओं को सिर्फ और सिर्फ बेरोजगारी और सिवाए धोखे के कुछ नही दिया है। रोजगार देने के नाम पर व्यापम, घोटाले पीएमटी,नर्सिंग , शिक्षक और पटवारी परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। और भिण्ड सहित पूरे प्रदेश का युवा अन्य प्रांतों में रोजगार की तलाश में भटकने को मजबूर है । युवाओं का भविष्य चौपट करने वाली शिवराज सरकार किस मुंह से जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहीं है। ये आरोप कांग्रेस पार्टी की युवा नेत्री पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंजी.अंशु अरेले ने आज भूता बाजार स्थित भूता कोठी पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान लगाए। इस दौरान वरिष्ठ नेता अरविंद अरेले,व्यापार कांग्रेस अध्यक्ष संजय भूता,प्रवक्ता अनिल भारद्वाज भी मौजूद रहे। श्रीमती अंशु ने कहा कमलनाथ सरकार का पंद्रह माह का कार्यकाल भाजपा के 18 साल पर भारी है। आज न बहिन बेटियां सुरक्षित है। और न देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला किसान,जो भाजपा सरकार में कर्ज के बोझ तले डूबा हुआ किसान। इसलिए भाजपा को जन आशीर्वाद यात्रा की जगह जन प्रश्चित यात्रा निकालने पर विचार करना चाहिए।श्री कमलनाथ से मेरे चालीस वर्षो से पारवारिक सबंध है। उनकी बातों में हमेशा सच्चाई महसूस होती है। उन्होंने कृषक न्याय योजना, नारी सम्मान योजना,पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा,और सरकार बनते ही मात्र छ्म्माह में सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर भर्ती



करने का वादा मंहगाई और बेरोजगारी कम करनें में कारगर साबित होंगे। इसलिए जिले और प्रदेश की जनता से अपील कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने में सहयोग करें। प्रेसवार्ता में अपने पिता अरविंद अरेले के साथ बैठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंशु शर्मा अरेले ने बताया हमारा परिवार कट्टर कांग्रेसी है, हमारे दादा अटेर से विधायक रहें, मेहगांव से भी चुनाव लड़ चुके है, और भिण्ड में भी हम लोग सक्रिय रहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कामलनाथ हमारे पारवारिक सदस्य हैं। मुझे या मेरे पिता को भी पार्टी को मौका देना चाहिए। भिण्ड या अटेर क्षेत्र से चुनाव लडने का मौका मिला तो जीत का भरोशा है। सरकार कांग्रेस की बन रही है इसलिए कमलनाथ से नजदीकी का लाभ क्षेत्र के विकास में लाभ मिल सकता है। पत्रकार वार्ता के दौरान इंजी अंशु अरेले ने जिला पंचायत सदस्य रहते अपने पावई वार्ड में किए विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया 1. पावई गाँव में मेरे कार्यकाल के 14 वर्ष पहले से बिजली नहीं थी, मैंने पावई पंचायत में बिजली होने के प्रयास किये और सफल हुयी., पावई गांव तक सडक की व्यवस्था नहीं हो पाने से मंदिर जाने वाले ग्रामीण जनों को जो समस्या का सामना करना पड़ रहा था, उससे छुटकारा दिलवाया। 2. ऐतहार गांव में सरकारी अस्पताल के पक्के पहुंचमार्ग की व्यवस्था कर वहां के तलाव का नवीनीकरण करवाया। 3. पीपरी पंचायत को सामुदायिक भवन का निर्माण करवाकर पूरी पंचायत को पक्की सड़क युक्त करने में सफलता प्राप्त की। 4. 22 पंचायतों पाली, पावई, पीपरी, ऐतहार, बरोही, बिछोली, लावन, जौरी ब्राह्मण, पीढोरा, अमलेड़ा, इमलाड़ी आदि गाँव की सड़क को पक्का करवाने में सफल रही जो कि पिछले कई सालों से क्षतिग्रस्त लगती थी। 5. पिडोरा, लावन, ऐतहार, पुर आदि गाँव में नल जल योजना का लाभ दिलवाने की मुहिम की और सफल हुई। 6. शिक्षा को लेकर स्कूलों में जाकर पता करके वहां की हालत सुधारवाने की कोशिश की और साथ ही बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास किये।

# अम्बाह बाढ़ आपदा से निपटने के लिए किया गया मॉकड्रिल का आयोजन...





**केशब पंडित जी अम्बाह...**

अम्बाह। तहसील स्तर पर बाढ़ बचाव प्रशिक्षण के लिए गत दिवस जिला प्रशासन के सहयोग से तहसील अम्बाह पचासा मैदान में बाढ़ आपदा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।आपदा प्रबंधन व नियंत्रण को लेकर एक दिवसीय मॉक ड्रिल का पचासा मैदान पर आयोजन किया गया। जिसमें अम्बाह एसडीएम अरविंद माहौर सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जहां एसडीआरएफ दल ने मॉकड्रिल के जरिए सभी लोगों को बाड़ प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन संबंधी ट्रेनिंग दी। इस दौरान एसडीईआरएफ के जवानों ने बाढ़ से बचाव के लिए जानकारी देते हुए कहा कि इस कठिन समय में लोगों को अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। जब भारी बारिश के बाद गांव में बाढ़ आ जाए तो सकुशल बाहर आने के लिए घर में पडे बेकार की वस्तुओं जैसे कि खाली प्लास्टिक की बोतलों, जार, फुटबॉल, सूखें नारियल, बांस आदि से तैयार उपायों की मदद से पानी भरे निचले इलाकों से निकला जा सकता हैं।

इसके तहत बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए किये जाने वाले राहत बचाव की प्रक्रिया व प्रशिक्षण आदि की मॉकड्रिल किया गया। बाढ़ आपदा से निपटने और तत्काल राहत के लिये एडीआरपीएफ द्वारा अम्बाह तहसील के ग्राम बीलपुर कुथियाना, रामगढ, चुस्सलई, नयाबॉस एवं इन्द्रजीतका पुरा को इवेंट पॉइंट तय किए गए थे। जिसमें राहत व बचाव दल के अधिकारी और कर्मचारियों ने बाढ़ से प्रभावित लोगों का रेस्क्यू कर लोगों को रिलीफ कैंप तक पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस दौरान बचाव-राहत टीम ने एक परिदृश्य तैयार किया जिसमें बाढ़ के दौरान लोगों के फंसने और नदी आदि में डूबने पर उसे खोजने का प्रदर्शन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित अन्य विभागों को सूचना मिलती है। भारी बारिश के कारण कुछ लोग बाढ़ में फंस गए हैं। इस पर अत्याधुनिक उपकरणों से लैस टीम घटना स्थल के लिए रवाना होती है। घटना स्थल पर पहुंच कर टीम घटना की सम्पूर्ण जानकारी लेती है और साथ ही साथ इंसिडेंट कमांड पोस्ट, हेली बेस-हेली पेड, मेडिकल ऐड पोस्ट, रिलीफ कैम्प पोस्ट तैयार गई थी। त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम अपने मोटर बोट के माध्यम से नदियों में बचाव अभियान शुरू कर देती है। बचाव दल लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट और डीप डाइवर्स की मदद से पीड़ितों को बचाता है और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल ले आता है। डूबे हुए व्यक्तियों को बाहर निकाल कर बचाव टीम की ओर से प्राथमिक उपचार दिया गया और एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। बाढ़ आपदा प्रशिक्षण का कार्य अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर के मार्गदर्शन में कराया गया। इस मौके एसडीआरपीएफ टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अम्बाह कॉग्रेसियों ने अघोषित बिजली कटौती और मनमाने बिलों का बिरोध कर विधुत कार्यालय पर दिया धरना राज्यपाल नाम अम्बाह एसडीएम को दिया ज्ञापन

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** विद्युत वितरण कार्यालय पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबाह की ओर से अघोषित विद्युत कटौती, मनमाने विद्युत बिल, आकलित खपत के नाम पर लूट व किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करके राज्यपाल के नाम विद्युत कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के किसानो के लिए फसलों में पानी देने के लिए महत्वपूर्ण समय है उसके बावजूद भी सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रही है, ऐसे समय में यदि विद्युत आपूर्ति के अभाव में फसलों को पानी नहीं मिला तो क्षेत्र का किसान बर्बाद हो जाएगा। साथ ही आकलित खपत के नाम पर मनमाने ढंग विद्युत बिल थोपे जा रहे हैं जो कि एक तरह का उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य है। आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी कार्यालयसाथ ही आकलित खपत के नाम पर मनमाने ढंग विद्युत बिल थोपे जा रहे हैं जो कि एक तरह का उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य है। आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं



ने विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पर एक घंटे के सांकेतिक धरना-प्रदर्शन के उपरांत अनुविभागीय अधिकारी अंबाह, महामहिम राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन पत्र सौंप कर उनसे निवेदन किया है कि क्षेत्र के किसान भाइयों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मनमाने ढंग से सौंपे जा रहे विद्युत बिल का शीघ्र निराकरण कराकर आम जनता को त्वरित राहत और न्याय दिलाया जाए। वहीं कांग्रेसियों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर अम्बाह की सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## असंगठित कृषि श्रमिकों की उन्नति सबकी जिम्मेदारीः सांसद चौधरी

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।** आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड द्वारा एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन ग्राम जवड़िया में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री पीपी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि असंगठित कृषि श्रमिकों की उन्नति हम सभी की जिम्मेदारी है। हमारा देश कृषि प्रधान है और हमारी अर्थव्यवथा को मजबूती देने में किसान वर्ग प्रमुख भूमिका निभाता है। ऐसे में उनको भी समयानुसार आधुनिक तकनीकों से जोड़कर आर्थिक संबलता बड़ाने में सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आनंद राठी एवं उनकी संस्था पाली सहित राजस्थान के गांवों में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में तन-मन-धन से अपनी सेवाएं दे रही है, जो कि सराहनीय है। इस अवसर पर आंनद राठी ने कहा कि गौशालाओं के माध्यम से देशी गायों को समर्थ बनाना है। गौ-मूत्र,



वर्मी कॉम्पोज और गोबर से निर्मित विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन कर किसानों एवं इससे जुड़े लोगों को हम स्वावलम्बी बनाकर आत्मनिर्भर बना सकते हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को खेती के साथ-साथ विभिन्न पेड़-पौधों जैसे आंवला, नींबू, करोंदा व गूंदे फलदार वृक्ष लगाने, खेततलाई द्वारा खेती को सिंचित करने, कुओं का जलस्तर बड़ाने, मृदा एवं जल जांच के लिए चल रही परियाजनों पर प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केन्द्र के महेन्द्र चौधरी ने किसानों को आमदानी बड़ाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। प्रारंभ में अंबूजा सीमेंट फाउंडेशन के जनरल मैनेजर (ग्रामीण विकास) मनोज अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल सुमन फॉर्म हाउस में चल रही परियोजनाओं तथा भविष्य में किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यक्रमों से अवगत कराया। किसान भंवर सिंह और अमृतलाल सीरवी ने परियोजनाओं से हुए लाभों के बारे में बताया। गिराड़ा सरपंच मंगलाराम मीणा ने सांसद चौधरी, आनंद राठी के सहयोग को सराहा। कार्यक्रम में आनंद राठी आईटी प्रा.लि. के कार्यकारी अध्यक्ष आरके पुरोहित, मैनेजर प्रदीप सिंह राठौड़, प्रशांत रंगा, गब्बरसिंह एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सीएसआर एवं पीआर सलाहकार तेज बहादुर माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा अटेर एवं भिण्ड में आज आएगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आगामी मिशन 2023 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा उमंग और उत्साह को जनता और कार्यकर्ताओं में जागृत करने एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के 20 वर्षों का विकास रिकॉर्ड कार्ड लेकर जनता के बीच जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेता पहुंच रहे हैं। यह यात्रा 9 सितंबर को जिले की सीमा बुधारा पुल से प्रवेश करेगी जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सभी कार्यकर्ता वहां पहुंचकर यात्रा की अगवानी करते हुए स्वागत करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि की जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत में सभी केंद्र और राज्य सरकार के लाभार्थी हितग्राहियों जनता एवं कार्यकर्ताओं में बाहरी उत्साह दिखाई दे रहा है हर जगह यात्रा के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करते हुए अंतिम रूम दे दिया गया है सभी कार्यकर्ता जनसंपर्क में लगकर जनता को और हितग्राहियों को स्वागत के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस यात्रा में बुधारा पुल से ही जनता का अभिवादन करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णु दत्त शर्मा,चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर,केंद्रीय उड़ान मंत्री श्रीमद् ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करते हुए सरकार की जनकल्याणी योजनाओं को बताएंगे।

## जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** श्री श्रीयादे माता जी मंदिर प्रांगण कोतनुर धिने बैंगलोर साउथ में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर गुरुवार 1 बजे से शाम 6 बजे तक महिला मंडल द्वारा भजन प्रस्तुती और शाम 7ः00 बजे से पुरुषों द्वारा भजन संध्या शुरू हुई और श्री कृष्ण का जन्मोत्सव होने तक भजन संध्या चलती रही श्रद्धालु झूमते गाते बजाते रहे और समाज बंधुओ और सनातन सभी धर्मो से सज्जन पधारे भजनों की प्रस्तुति अर्जुन कुमार पड़ाया, मांगीलाल कालबाल, जीवाराम घोड़ेला, केशाराम भाणां द्वारा संचालित कर पधारे सज्जन घेवरचन्द बेतेडिया, धनराज देवलिया, धर्माराम भाणां, जवरीलाल देवलिया, धनराज मुलेरा घेवरराम ब्रान्दणा, घेवरचन्द रेडवाल, भागीरथ ऐणिया सुरेश कुमार कवाडिया,मलाराम ब्रान्दणा, शिवप्रकाश जाजपरा, मांगीलाल बेतेडिया रुपाराम भाणां, प्रतापचन्द बेतेडिया,नरपत ब्रान्दणा, सभी का आव भगत सत्कार किया और प्रसाद वितरण बेतेडिया परिवार बक्तावरमल, सुरेश कुमार, आकाश, गणेश द्वारा किया गया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एच.ए.एल श्री वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में धूमधाम से मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** ओल्ड एयरपोर्ट रोड स्थित श्री वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर की सुंदर व आकर्षक सजावट की गई है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही तथा मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। स्थानीय भजन कलाकार सोहन लाल प्रजापत, ओम विश्वकर्मा, ताराराम प्रजापत ने एक से बढ़कर एक श्री कृष्ण के भजन सुनाए। पंचामृत से भगवान का अभिषेक कर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की , जयकारों के साथ श्रद्धालु झूमने लगे। श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम रात्रि 9ः30 बजे से भजन कलाकार ओम विश्वकर्मा ने गणपति वंदना से भजन कीर्तन के साथ शुरू हुआ तथा मध्य रात्रि 12 बजे सामूहिक आरती की गई एवं पंजीरी, दूध पेडा, केले, बादाम दूध का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सर्व सनातन धर्म प्रेमी सपरिवार उपस्थित रहे।

# क्या रूस-चीन होंगे खलनायक?

**जी-20 बैठकः** भारत में इस साल जितनी भी बैठकें हुईं, उसमें आम सहमति से एक भी साझा बयान जारी नहीं हो सका।

व्हाइट हाउस के नेशनल सिक्योरिटी प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बुधवार को जी-20 सम्मेलन में सहमति से पास होने वाले प्रस्ताव की कम ही उम्मीद जताई है। किर्बी ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि साझा बयान जारी हो सके। लेकिन आप जानते हैं कि 20 देशों को एक चीज पर सहमत करना कितना मुश्किल है। हम इस पर काम करेंगे।"

इस साल यानी 2023 में जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है और इसका शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को दिल्ली में होने जा रहा है।साल की शुरुआत से ही भारत की कोशिश रही कि इस पूरे आयोजन को सफल बनाया जाए।इन कोशिशों के बावजूद भारत में इस साल जी-20 की जितनी भी बैठकें हुईं, उसमें आम सहमति से एक भी साझा बयान जारी नहीं हो सका।

ये साझा बयान जारी ना हो पाने की बड़ी वजह रूस और चीन का रुख रहा है।यूक्रेन में जारी जंग के कारण रूस और पश्चिमी देशों के बीच दूरियां आई हैं। चीन इस मोर्चे पर रूस के साथ खड़ा नज़र आता है।ऐसे में जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी-20 सम्मेलन में भारत ना आने का फ़ैसला किया तो एक बार फिर साझा बयान जारी हो सकने के भविष्य पर सवाल उठने लगे।अब अमेरिका की ओर से भी ऐसे ही चिंता जताई गई है।

व्हाइट हाउस के नेशनल सिक्योरिटी प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बुधवार को जी-20 सम्मेलन में सहमति से पास होने वाले प्रस्ताव की कम ही उम्मीद जताई है।किर्बी ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि साझा बयान जारी हो सके। लेकिन आप जानते हैं कि 20 देशों को एक चीज़ पर सहमत करना कितना मुश्किल है। हम इस पर काम करेंगे।"

सहमति से प्रस्ताव पास करवाने की कोशिश भारत की भी रहेगी, क्योंकि ये सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में हो रहा है और इसके ज़रिए वो ख़ुद को वैश्विक मंच पर बेहतर स्थिति में देखना चाहता है।अगर सहमति से कोई प्रस्ताव पास होता है तो इसे भारत की उपलब्धि के तौर पर देखा जाएगा।भारत की कोशिशों पर किर्बी बोले, "हम जानते हैं कि भारत भी यही चाहेगा कि साझा प्रस्ताव पास हो सके। हम देखते हैं कि आगे क्या होता है।"

किर्बी ने प्रस्ताव पास होने की राह में बड़ा रोड़ा यूक्रेन में जारी जंग को बताया।

किर्बी ने कहा, "अक्सर बात यूक्रेन में जारी जंग के कारण अटकती है। इस जंग को लेकर बाक़ी देश जैसी भाषा के इस्तेमाल पर ज़्यादा सहज हैं, उस पर चीन और रूस के सहमत होने की उम्मीद कम ही है। ऐसे में हम देखते हैं कि आगे क्या होगा।"

यूक्रेन में रूस के हमले की पश्चिमी देश कड़ी निंदा करते हैं। ज़ाहिर है कि रूस को ये बात रास नहीं आती है।

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से एक इंटरव्यू में बुधवार को पूछा गया कि पुतिन और जिनपिंग के भारत ना आने का जी-20 सम्मेलन पर क्या असर होगा?जयशंकर ने कहा, "मुझे लगता है कि जी 20 में अलग-अलग मौक़ों पर ऐसे कुछ राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रहे हैं, जो किसी भी वजह से शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं पहुँचे। लेकिन उस देश के प्रतिनिधि बैठक में अपना पक्ष बताते हैं। मुझे लगता है कि बैठक में सभी प्रतिनिधि बहुत गंभीरता से शामिल हो रहे हैं।

जयशंकर ने कहा, "मैं ये कहना चाहूंगा कि मुद्दे पहले से ही मौजूद हैं। ये मुद्दे आज सुबह नहीं लाए गए हैं। आठ-नौ महीनों में मंत्रियों और अधिकारियों के स्तर पर मुद्दों पर सहमति बनती है। लंबी प्रक्रिया के बाद एक सम्मेलन होता है।"जिनपिंग और पुतिन के जी-20 सम्मेलन में ना आने की वजह क्या भारत से नाराज़गी है? जयशंकर ने जवाब दिया, "मुझे नहीं लगता कि इसका भारत से कोई संबंध है। उन्होंने जो फ़ैसला लिया है, उसके बारे में वो बेहतर जानते होंगे।" जिनपिंग भले ही पहली बार जी-20 सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हों, मगर पुतिन अतीत में कई बार ऐसा कर चुके हैं। पुतिन ब्रिक्स सम्मेलन में भी वर्चुअली जुड़े थे।

### क्या चीन बिगाड़ेगा खेल?

कई विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जी-20 के शिखर सम्मेलन को सफल बनाने की कोशिश कर रहा है लेकिन चीन अड़ंगा डालना चाहता है।द टेलीग्राफ ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा है कि पश्चिमी देशों के राजनयिक, भारत और चीन के कई विशेषज्ञ इससे सहमत दिखते हैं।जानकारों का ये कहना है कि चीन चाहता है कि भारत ऐसी स्थिति में ना पहुंच पाए, जहां से वो ख़ुद को दक्षिण एशिया के नेता के तौर पर पेश कर सके। चीन मामलों के जानकार तक्षशिला इंस्टिट्यूशन के मनोज केवलरमानी ने टेलीग्राफ़ अख़बार से कहा, "हमने जी-20 को ऐसे पेश किया, जिससे वैश्विक मंच पर भारत को दक्षिण एशिया का नेता कहा जा सके।

अख़बार लिखता है कि जिनपिंग की कोशिश है कि ब्रिक्स समूह को जी-20 के समक्ष खड़ा किया जाए। जानकारों ने बीते ब्रिक्स सम्मेलन को भी जिनपिंग की जीत के तौर पर देखा।ब्रिक्स समूह में नए सदस्यों को जोड़ने की कोशिश चीन की ही थी और विरोध के बावजूद इस पर सहमति भी बनी।

*(साभार-बीबीसी.कॉम/हिंदी)*

## समाचार विश्लेषण : जी-20: पुतिन और शी के नहीं आने से क्या होगा?

दुनिया की नजर जी-20 के बाद संयुक्त बयान पर है। क्योंकि भारत जी-20 वित्त मंत्रियों और विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद कोई संयुक्त बयान जारी नहीं कर पाया था। जी-20 की बैठकों में रूस-यूक्रेन का मुद्दा उठता रहा है, जिसको लेकर मतभेद हैं।

भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नहीं आ रहे हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव आएंगे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आने न आने को लेकर काफी दिनों तक सस्पेंस बना रहा लेकिन सोमवार को चीनी विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया कि जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।अब सवाल यह है कि दुनिया के दो महत्वपूर्ण देशों के प्रमुखों का जी-20 के लिए नहीं आना क्या भारत के लिए बड़ा झटका है। जानकारों का कहना है कि इससे भारत के विश्व शक्ति बनने की कोशिशों को झटका लग सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी जिनपिंग के नहीं आने पर निराशा जता चुके हैं। जानकार कहते हैं कि जिनपिंग की अनुपस्थिति से जी-20 को वैश्विक आर्थिक सहयोग का मुख्य मंच बनाए रखने की वॉशिंगटन की कोशिश और विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण को बढ़ावा देने के प्रयासों पर असर पड़ेगा।जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में राजनीति के प्रोफेसर हैप्पीमोन जेकब कहते हैं, चीन के शामिल हुए बिना मुद्दे वास्तव में प्रकाश में नहीं आ सकते या किसी तार्किक निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकते हैं।

जिनपिंग जी20 शिखर सम्मेलन में क्यों भाग नहीं ले रहे हैं इसके बारे में चीन ने कोई कारण नहीं बताया है। 2008 में इस ग्रुप को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर पर अपग्रेड करने के बाद यह पहली बार है कि कोई चीनी राष्ट्रपति इसमें हिस्सा नहीं लेंगे।

मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम शिखर सम्मेलन की मेजबानी में भारत का समर्थन करते हैं और इसे सफल बनाने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता से जब पूछा गया कि जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली कियांग को दिल्ली भेजने का फैसला क्या दोनों देशों के बीच तनाव दिखाता है, इस पर प्रवक्ता ने दोनों देशों के बीच जारी सीमा विवाद का जिक्र तो नहीं किया लेकिन यह कहा कि दोनों देशों के बीच कुल मिलाकर संबंध स्थिर है। उन्होंने कहा, "दोनों ही पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर बातचीत और संपर्क बनाए रखा है। हमारा मानना है कि चीन और भारत के रिश्तों में सुधार और विकास दोनों देशों और देशवासियों के साझा हित में है। हम भारत के साथ बेहतर रिश्तों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की अनुपस्थिति का जी-20 शिखर सम्मेलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

*(साभार-डीडब्ल्यू)*

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## एजेंडा ही तो पूछा है!

सवाल पूछने पर सवालों से ही जवाबी हमला बोलने की वर्तमान सत्ता पक्ष की रणनीति अब नई नहीं रह गई है। लेकिन इन तौर-तरीकों ने भारतीय लोकतंत्र के वर्तमान एवं भविष्य दोनों को अनिश्चय में डाल दिया है।

*संसद के विशेष सत्र को लेकर जारी रहस्यमय स्थिति के बीच विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने सरकार से तुरंत बताने को कहा कि इस सत्र का एजेंडा क्या है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्तावित सत्र में चर्चा के लिए कुछ 'रचनात्मक सुझाव' दिए। लोकतांत्रिक परंपरा और मर्यादा के अनुरूप अपेक्षित तो यह होता है कि ऐसे पत्रों का उत्तर सीधे प्रधानमंत्री की तरफ से आए। लेकिन नरेंद्र मोदी के शासनकाल में ऐसी परिपाटियों के निर्वाह की अपेक्षा हम नहीं रखते। फिर भी एक सामान्य से पत्र पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और टीवी चेनलों पर भाजपा प्रवक्ताओं की दिखी प्रतिक्रिया को न सिर्फ अवांछित, बल्कि एक हद तक आपत्तिजनक भी कहा जाएगा। सत्ता पक्ष ने उलटे सोनिया गांधी के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी। उन पर 'लोकतंत्र के मंदिर संसद को सियासी रंग' देने का इल्जाम लगाया गया है। बहरहाल, सरकार चाहे सोनिया गांधी के सुझावों को तव्वजो दे या नहीं, यह उसका विशेषाधिकार है, लेकिन संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है, तो उसका एजेंडा सारा देश जानना चाहता है।*

*संसद के सत्र को लेकर ऐसी गोपनीयता अभूतपूर्व है। फिर जिन लोगों को सत्र में भाग लेना है, उनमें जनता से निर्वाचित विपक्षी सांसद भी हैं। किसी एक साधारण बैठक के पहले भी भागीदार यह जानना चाहते हैं कि मीटिंग किसलिए बुलाई गई है। ऐसे में सांसदों का एजेंडा पूछना पूरी तरह वैध एवं विवेकपूर्ण है। लेकिन सरकार संभवतः विपक्ष को संसदीय प्रक्रिया में वैध हितधारक (स्टेकहोल्डर) नहीं मानती। उसे बदनाम और लांछित करके अपने समर्थक तबकों की निगाह में गिराने की कोशिश अब खासी जानी-पहचानी हो चुकी है। सवाल पूछने पर सवालों से ही जवाबी हमला बोलने की उसकी रणनीति भी नई नहीं है। लेकिन इन तौर-तरीकों ने भारतीय लोकतंत्र के वर्तमान एवं भविष्य दोनों को अनिश्चय में डाल दिया है।*

## महिला कैदियों की बदहाली

महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-19 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनी विशेष जेलों में जगह मिली है।

*आधुनिक न्याय व्यवस्था का सिद्धांत है कि सजा का मकसद अपराधियों को आत्म-ग्लानि का मौका देना और उन्हें सुधरने का पूरा अवसर उपलब्ध कराना है। बदले की भावना या क्रूरता के जरिए समाज में मिसाल कायम की सोच पुरातन या मध्य-युगीन परिपाटी है, जब तर्क एवं विवेक आधारित सभ्यता अविकसित अवस्था में थी। इसीलिए जिन देशों में आधुनिक न्याय व्यवस्था को अपनाया गया है, वहां जेलों में अधिक से अधिक मानवीय स्थिति बनाना जरूरी समझा जाता है। इस कसौटी पर भारत के अंतर्विरोध जग-जाहिर रहे हैं। सिद्धांतः अपने देश में आधुनिक न्याय व्यवस्था अपनाई गई है, लेकिन व्यवहार में हालात उलटे हैं। महिला कैदियों के बारे में आई एक नई रिपोर्ट ने इसी धारणा की पुष्टि की है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। इसमें बताया गया है कि 2014 से 2019 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनाई गई विशेष जेलों में जगह मिली है। 75 फीसदी महिला कैदियों को रसोई और शौचालय पुरुषों के साथ साझा करना पड़ता है।*

*जेलों की इस खराब स्थिति की तस्वीर जस्टिस अमिताव रॉय की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट में सामने आई है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने चिंता जताई थी कि कई राज्यों की जेलों में क्षमता से डेढ़ गुना ज़्यादा कैदी हैं। इसे मानवाधिकार हनन का गंभीर मामला बताते हुए तब कोर्ट ने यह कमेटी बनाई गई। तीन सदस्यों वाली इस कमेटी का मकसद यह जानना था कि भारतीय जेलों में क्या हालात हैं। कमेटी ने दिसंबर 2022 में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी, लेकिन उसमें दिए गए निष्कर्ष अब मीडिया में आए हैं। इसके पहले एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट से सामने आया था कि 21 राज्यों में महिलाओं के लिए अलग जेल तक नहीं है। उधर महिलाओं के खिलाफ जेल में हुए अपराध की शिकायतें दर्ज करने की व्यवस्था सिर्फ 11 राज्यों में है।*



अशोक 'प्रवृद्ध'

भारतीय परंपराओं, वैदिक अनुष्ठानों का भी अंतिम मंत्र यही होता है- इदम् न ममम् अर्थात- ये मेरा नहीं है। यह अखिल बह्मांड के लिए है, सम्पूर्ण सृष्टि के हित के लिए है। इसीलिए श्रील प्रभुपाद के गुरु भक्ति सिद्धान्त सरस्वती ने उनके अंदर की क्षमता को देखकर उन्हें भारतीय दर्शन व चिंतन को सम्पूर्ण संसार तक ले जाने का निर्देश दिया। अपने गुरु के इस आदेश को श्रील प्रभुपाद ने अपना मिशन बना लिया, और उनकी तपस्या का परिणाम आज दुनिया के कोने-कोने में नजर आता है।

# दुनिया में कृष्णभावनामृत प्रर्णेता श्रील प्रभुपाद


सनातन वैदिक धर्म के प्रसिद्ध गौड़ीय वैष्णव गुरु तथा धर्म प्रचारक अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ के संस्थापकाचार्य स्वामी श्रील भक्तिवेदांत प्रभुपाद (1 सितम्बर 1896 – 14 नवम्बर 1977) न केवल वेदान्त, कृष्ण भक्ति और इससे संबंधित क्षेत्रों पर शुद्ध कृष्ण भक्ति के प्रचार प्रसार और कृष्णभावना को पश्चिमी जगत में पहुँचाने के महनीय कार्य के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण व श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति लोगों में आस्था व विश्वास बनाए रखने और करोड़ों लोगों के सनातन धर्म के अनुयायी बनने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए भी जाने जाते हैं। इन्हें अभयचरणारविंद भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के नाम से भी जाना जाता है। कोलकाता के बंगाली कायस्थ परिवार में भाद्रपद कृष्ण नवमी विक्रम संवत 1953 को जन्मे श्रील प्रभुपाद के बाल्यकाल का नाम अभयचरण डे था। पिता का नाम गौर मोहन डे और माता का नाम रजनी था। इनके पिता एक वस्त्र व्यवसायी थे। गौर मोहन डे ने अपने बेटे अभयचरण का पालन -पोषण एक श्रीकृष्ण भक्त के रूप में किया। जिसके कारण उनकी श्रद्धा श्रीकृष्णभक्ति में बलवती होती चली गई। अभयचरण के गुरु भक्ति सिद्धांत ठाकुर सरस्वती गोस्वामी थे।

अभयचरण ने 26 वर्ष की उम्र में सन 1922 में कोलकाता में अपने गुरु भक्ति सिद्धांत ठाकुर सरस्वती से मुलाक़ात की और 37 की उम्र में 1933 में उनसे विधिवत दीक्षा प्राप्त कर शिष्य बन पूरी तरह श्रीकृष्ण भक्ति में लीन हो गए। प्रभुपाद अलग -अलग गुरुओं से मिलते रहे, परंतु इनके गुरु भक्ति सिद्धांत ठाकुर सरस्वती ने अपने शिष्य श्रील प्रभुपाद को अंग्रेज़ी भाषा के माध्यम से वैदिक ज्ञान के प्रसार के लिए प्रेरित और उत्साहित किया। इसके बाद प्रभुपाद ने श्रीमद्भगवद्गीता पर एक टिप्पणी लिखी, गौड़ीय मठ के कार्य में सहयोग दिया तथा 1944 में श्री प्रभुपाद ने बिना किसी सहायता के एक अंग्रेजी पत्रिका आरंभ की जिसका संपादन, पाण्डुलिपि का टंकन और मुद्रित सामग्री के प्रूफ शोधन का सारा कार्य वह स्वयं किया करते थे।

इस पत्रिका की निःशुल्क प्रतियाँ बेचकर भी इन्होंने इसके प्रकाशन के क्रम को जारी रखा। वर्तमान में बेक टू गॉडहेड नामक यह पत्रिका पश्चिमी देशों में भी चलाई जा रही है, और तीस से अधिक भाषाओं में अभी भी प्रकाशित रही है। प्रभुपाद के दार्शनिक ज्ञान एवं भक्ति की महत्ता को पहचान कर सन 1947 में गौड़ीय वैष्णव समाज ने इन्हें तब तक विस्मृत हो चुके सहज भक्ति के द्वारा वेदान्त को सरलता से हृदयंगम करने के एक परंपरागत मार्ग को पुनः प्रतिस्थापित करने के लिए भक्ति वेदान्त की उपाधि से सम्मानित किया। इसके बाद ये अभयचरणारविंद भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के नाम से विख्यात हो गए।

1959 में सन्यास ग्रहण के बाद उन्होंने श्रीकृष्ण भक्ति के लिए प्रसिद्ध वृंदावन में रहकर श्रीमदभागवत पुराण का अनेक खंडों में अंग्रेजी में अनुवाद किया। आरंभिक तीन खंड प्रकाशित करने के बाद सत्तर वर्ष की आयु में सन 1965 में अपने गुरुदेव के अनुष्ठान को संपन्न करने के लिए बिना धन या किसी सहायता के सिर्फ श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवत पुराण की पूंजी लेकर खाली हाथ समुद्री जहाज से अमेरिका जाने के लिए निकल पड़े। यात्रा के दौरान रास्ते में उन्हें दो-दो बार हृदयाघात हुआ। न्यूयॉर्क पहुंचने पर उनके पास खाने तक की व्यवस्था नहीं थी। रहने का भी ठौर-ठिकाना नहीं था। परंतु विभिन्न बाधाओं के मध्य वहाँ उन्होंने 1966 में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ अर्थात इस्कॉन की स्थापना की।

1968 में प्रयोग के तौर पर अमेरिका के वर्जीनिया की पहाड़ियों में नव वृन्दावन की स्थापना की। दो हज़ार एकड़ के इस समृद्ध कृषि क्षेत्र से प्रभावित होकर उनके शिष्यों ने अन्य स्थानों पर भी ऐसे



8 सितबंर:श्रील प्रभुपाद जयंती

समुदायों की स्थापना की। 1972 में टेक्सास के डेलस में गुरुकुल की स्थापना कर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की वैदिक प्रणाली का सूत्रपात किया। सन 1966 से 1977 तक उन्होंने सम्पूर्ण विश्व का चोदह बार भ्रमण किया तथा संसार के अनेक विद्वानों से मुलाकात कर कृष्णभक्ति के विषय में वार्तालाप करके उन्हें यह समझाया कि कैसे कृष्णभावना ही जीव की वास्तविक भावना है? श्रील प्रभुपाद स्वामी संसार के देशों में भ्रमण करने का कारण लोगों को बताते हुए कहते थे कि वे भारत की सबसे अमूल्य निधि दुनिया को देना चाहते हैं। भारत के ज्ञान-विज्ञान, जीवन संस्कृति और परम्पराओं की मूल भावना -भूत दयाम् प्रति अर्थात जीव मात्र के लिए, जीव मात्र के कल्याण के लिए रही है।

भारतीय परंपराओं, वैदिक अनुष्ठानों का भी अंतिम मंत्र यही होता है- इदम् न ममम् अर्थात- ये मेरा नहीं है। यह अखिल ब्रह्मांड के लिए है, सम्पूर्ण सृष्टि के हित के लिए है। इसीलिए श्रील प्रभुपाद के गुरु भक्ति सिद्धान्त सरस्वती ने उनके अंदर की क्षमता को देखकर उन्हें भारतीय दर्शन व चिंतन को सम्पूर्ण संसार तक ले जाने का निर्देश दिया। अपने गुरु के इस आदेश को श्रील प्रभुपाद ने अपना मिशन बना लिया, और उनकी तपस्या का परिणाम आज दुनिया के कोने-कोने में नजर आता है। अलौकिक कृष्ण भक्त प्रभुपाद स्वामी एक महान भारत भक्त भी थे। उन्होंने देश के स्वतन्त्रता संग्राम में भी संघर्ष किया था। उन्होंने असहयोग आंदोलन के समर्थन में स्कॉटिश कॉलेज से अपना डिप्लोमा तक लेने से मना कर दिया था। उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक पुस्तकों की प्रकाशन संस्था- भक्ति वेदांत बुक ट्रस्ट की स्थापना 1972 में की।

कृष्णभावना के वैज्ञानिक आधार को स्थापित करने के लिए उन्होंने भक्ति वेदांत इंस्टिट्यूट की भी स्थापना की। भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने अपनी पुस्तकों के माध्यम से वर्तमान में कृष्ण भक्ति परंपरा को पुष्ट करने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वामी प्रभुपाद ने भारतीय ज्ञान से संबंधित 60 से अधिक संस्करणों का अनुवाद किया। श्रीमद्भगवद्गीता, चैतन्य चरितामृत और श्रीमद्भागवत पुराण आदि ग्रंथों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया। इन पुस्तकों का अनुवाद अस्सी से अधिक भाषाओं में अब तक हो चुका है, और सपूर्ण संसार में इन पुस्तकों का वितरण हो रहा है। एक अनुमान के अनुसार अब तक 55 करोड़ से अधिक वैदिक साहित्यों का वितरण हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ कृष्ण भक्ति और कृष्ण भक्ति को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने के कार्य में लगी हुई है। 57 वर्ष पुरानी इस संस्था के आज दुनिया भर में कृष्ण भक्ति पर आधारित 850 से अधिक मंदिर, 150 से अधिक विद्यालय, होटल व रेस्टोरेंट हैं। ये सिर्फ श्रीकृष्ण का प्रचार- प्रसार करते हैं। इसमें शक नहीं कि विश्व को भक्तियोग देने का महान कार्य श्रील प्रभुपाद और उनके द्वारा स्थापित इस्कॉन ने किया है। उन्होंने भक्ति वेदान्त को संसार की चेतना से जोड़ने का असाधारण कार्य किया। श्रीकृष्ण को सृष्टि के सर्वेसर्वा के रूप में स्थापित करना और अनुयायियों के मुख पर हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे- का उच्चारण सदैव करते रहने की प्रथा श्रील प्रभुपाद और इनके द्वारा स्थापित इस्कॉन के द्वारा ही स्थापित हुई। इस्कॉन ने संसार को बतलाया है कि भारतीय आस्था का अर्थ उमंग, उत्साह, उल्लास और मानवता पर विश्वास है।

यही कारण है कि आज संसार के अलग-अलग देशों में लोग भारतीय वेश-भूषा में हरे राम हरे कृष्ण का कीर्तन करते दिख जाते हैं। श्वेत धवल वस्त्र धारण कर हाथ में ढोलक- मंजीरा जैसे वाद्ययंत्र लेकर हरे राम हरे कृष्ण के संगीतमय कीर्तन के मध्य आत्मिक शांति से झूमते भक्तों के आस्था का यह उल्लासमय स्वरूप निरंतर संसार में लोगों को आकर्षित कर रहा है। जीवन का हिस्सा बन चुका कीर्तन का यह आनंद आज तनाव से ग्रस्त सम्पूर्ण विश्व को नई आशा दे रहा है। यही कारण है कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के बाद भाद्रपद कृष्ण नवमी को श्रीकृष्ण भक्त श्रील प्रभुपाद की जन्म जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर श्रील प्रभुपाद स्वामी के लाखों -करोड़ों अनुयायी और कृष्ण भक्त साधना का सुख और संतोष दोनों एक साथ प्राप्त होते अनुभव करते हैं। कृष्ण भक्त श्रील प्रभुपाद का निधन 14 नवम्बर 1977 में प्रसिद्ध कृष्ण नगरी मथुरा के वृन्दावन धाम में हुआ। एक सितम्बर 2021 को स्वामी प्रभुपाद जिनकी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 125 रुपये का सिक्का जारी किया।

# पटवारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल पर पहुँचे पूर्व विधायक रसाल सिंह



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार-प्रदेश में चल रही पटवारियों के समर्थन में शुक्रवार को लहार तहसील में धरना स्थल पर पूर्व विधायक रसाल सिंह पहुँचे ओर पटबारियो की हड़ताल का समर्थन किया और बोले कि जल्द ही हम आपकी मांगो को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलेंगे और आपकी मांगो को मनबायेंगे इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अर्चना भदोरिया एवम जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने सोल एवम श्रीफल देकर उनको सम्मानित किया और सभी ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया ।

**ये है प्रमुख मांगे-** मध्य प्रदेश पटवारियों को वर्ष 1998 में निर्धारित किये गए वेतनमान के अनुसार हो वर्तमान वर्ष 2023 में वेतन दिया जा रहा विगत 25 वर्षों में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की गई है जबकि पटवारियों से पूरे सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पदस्थापना वाले भू अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों (राजस्व निरीक्षक नायब तहसीलदार सहायक अधीक्षक भू अभिलेख तहसीलदार अधीक्षक भू अभिलेख) के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई। पटवारी वेतनमान पे ग्रेड 2800 हेतु भी आपके द्वारा वर्ष 2007 पटवारी महाअधिवेशन सनावद में घोषणा की गई थी, माननीय राजस्व मंत्री महोदय द्वारा प्रांताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल को 2800 पे ग्रेड किये जाने का लिखित आवसन भवदीय के निर्देशानुसार दिया गया था जिसके क्रियान्यधन का प्रवेश के पटवारी को इंतजार है माननीय महोदय द्वारा कानून में संशोधन कर मध्य प्रदेश के पटवारियों को एक उच्च पद का अतिरिक्त कार्य सीमांकन तो दिया गया परन्तु समान कार्य समान वेतन के आधार पर राजस्व निरीक्षक का वेतनमान नहीं दिया गया अस्तु समान कार्य समान वेतन को लागू करते हुए पटवारी को राजस्व निरीक्षक के समान पे ग्रेड 2800 दिया जाये।

## बोले मांगे जायज जल्द पूरी करवाने के लिए करेंगे मुख्यमंत्री से निवेदन, पटवारियों ने पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**2. समयमान वेतन –** प्रदेश के पटवारियों को ग्रेड पे के सापेक्ष समयमान वेतन दिया जा रहा है जबकि विधि अनुसार पद के सापेक्ष समयमान वेतन प्रति 10 वर्ष की सेठ पूर्ण होने पर दिया जाना चाहिये जब कि मध्य प्रदेश में पटवारी संवर्ग को समयमान वेतन पद के सापेक्ष न होकर पे ग्रेड में दिया जाता है। अतः पद के सापेक्ष रमयमान वेतनमान दिये जाने के आदेश प्रसारित किये जाये।

**3. पदोन्नतिः** विगत कुछ माह पूर्व राजस्व विभाग के तहसीलदार नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक के पद से क्रमशः डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार नायब तहसीलदार पदो पर पदोन्नति दी गई किंतु प्रशासन की रीढ़ की हडडी कहे जाने वाले पटवारी पद को ही भेदभाव तरीकों से इस पदोन्नति से वंचित रखा गया है। जबकि उक्त सभी पदों पर एक साथ पदोन्नति दी तो सिर्फ पटवारी के साथ ही ये भेदभाव क्यों किया गया राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों को पटवारियों को पदोन्नति कर भरे जाये म.प्र. शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ-10/97/01-15/का. क. भोपाल दिनांक 29/05/1998 एवं सेवा नियम 1967 के नियम के अन्तर्गत पत्रों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है।

**4. भत्तों में बड़ोत्तरी –** बिगत दस वर्षों से अधिक समय से पटवारियों के किसी भी भत्ते में कोई वृद्धि नहीं की गई है माननीय द्वारा तीन सदस्यीय भट्टा समिति को दिये गये प्रजेन्टेशन में संघ के पत्र क्रमांक 1586/पट, संघ/ 2023 दिनांक 06.02.2023 के द्वारा गृह (अन्य कर्मचारियों के अनुसार वेतन का निर्धारित प्रतिशत), अतिरिक्त हल्के का भत्ता (10000 रुपये) यात्रा भत्ता (3000 रूपए) अन्य विभागों के कार्यों हेतु भत्ता (5000 रुपए), मोबाइल एवम डाटा भत्ता (1000 रूपए) एवम कार्यालय भत्ता हेतुए (2000 रूपए) की मांग महगाई अनुसार की गयी है जिनमे सहानभूतिपूर्वक विचार करवृद्धि के आदेश प्रसारित किये जाये।

5 आवश्यक संशाधनो की उपलब्धता कराने हेतु निवेदन है की मध्य प्रदेश के सभी पटवारियों द्वारा केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न विभागों की अनेक योजनाओ (पी. एम. किसान, सी.एम. किसान स्वामित्व योजना मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना धारणानाधिकार, गिरदावरी फसल कटाई प्रयोग ) का कार्य सारा एप उनके निजी मोबाइल से किया जा रहा है म.प्र. पटवारी संघ द्वारा विगत कई वर्षों में कई बार शापन प्रस्तुत कर शासन से उक्त कार्यों के लिए स्तरीय संसाधन (अपडेटेड मोबाइल) की मांग की गई है परन्तु आज दिनांक तक उक्त संबंध में संसाधन उपलब्ध करने हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गई है। निवेदन है की पांच वर्षों से अधिक समय पूर्व कुछ हजार पटवारियों को दिए गए निम्न कीमत के मोबाइल आउट डेटेड हो चुके है यदि चल भी रहे है तो उनमे सारा एप नहीं चलता पटवारियों को उनके कार्य हेतु संसाधन (मोबाइल, ई. टी. एस. मशीन, रोवर मशीन उपलब्ध कराने की कृपा की जाए निवेदन है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय से दिनांक 26.05.2023 को मांगो के संदर्भ में समक्ष में किये गए निवेदन पर माननीय द्वारा आवासन दिया गया था की वह पटवारियों के मांग का सकारात्मक समाधान करेंगे। इस शापन के माध्यम से निवेदन है की वह प्रदेश के सभी पटवारियों को उनके उच्च पदस्थ पदों (प्रमोशनल पदों) को वेतनमान में की गई वृद्धि अनुसार व कार्य अनुसार 5200-20200 + 2800 ग्रेड पे का लाभ दिया जाने का आदेश पारित करे।



**ये रहे मौजूद–**ज्ञापन देने के अबसर पर मुख्य रूप से प्रांतीय प्रवक्ता अर्चना भदौरिया,जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,हेमंत शर्मा,तहसील अध्यक्ष कमल सिंह कौरव,विजय सिंह सेंगर,अर्चना आजाद,धीरेंद्र सिकरवार, महेंद्र सिंह,रीटू खान,आदित्य सिंह कुशवाह,अजय खरे एवम समस्त पटवारी संघ जिला भिंड मौजूद रहे ।

# तमिलनाडु सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन का पुतला फूंका

## सनातन धर्म के साथ ब्राह्मण समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

सीहोर। शुक्रवार शहर के खजांची लाइन स्थित तिराहे पर सनातन धर्म के साथ सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला फूका। तमिलनाडु सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने जिस तरह से बचान देकर सनातन धर्म का अपमान किया है। वह उनके ओछी सोच को दर्शाता है। उनके बयान की निंदा करते हुए माफी मांगने की मार्ग की। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने तमिलनाडु सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने जिस तरह से बयान देकर सनातन धर्म का अपमान किया है। वह उनकी ओछी सोच को दर्शाता है। सनातन धर्म को कई लोगों ने खत्म करने की कोशिश की। हमारे पूर्वजों ने सनातन धर्म को कभी खत्म नहीं होने दिया। सनातन की रक्षा के लिए बलिदान दे दिया, लेकिन धर्म के साथ कभी समझौता नहीं किया। सनातन हमारी आत्मा है, सनातन हमारा प्राण है। तुच्छ, ओछी राजनीति के लिए स्टालिन निचले स्तर पर गिर गया। स्टालिन ने सनातन धर्म को बीमारी बताया। ऐसे बयान देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्हें पद से बर्खास्त करना चाहिए। ऐसे लोगों की नागरिकता भी समाप्त करनी चाहिए।





**अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने भी किया विरोध–** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष तारा यादव ने भी उदयनिधि के बयान की निंदा करते हुए कहा कि सनातन धर्म सभी को जोडने् की बात करता है और सालों से भारत में हर व्यक्ति सनातन धर्म का आदर करता है। हमारे सनातन धर्म को पूरी तरह समाप्त करने की बात एक प्रदेश के जिम्मेदार व्यक्ति ने कही। हम दिन-प्रतिदिन जिन आराध्य भगवान की पूजा सनातन धर्म के अनुसार करते हैं। उस पावन धर्म की तुलना खतरनाक बीमारियों से कर उसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया गया। यह सब सनातन धर्म की पावन भूमि तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के द्वारा कहा गया। उदयनिधि न सिर्फ एक पढ़े-लिखे युवा हैं बल्कि उन्होंने ये भाषण पहले लिखा और फिर उसे देखकर पढ़ा। इससे स्पष्ट है कि उन्होंने यह सब सोच-समझकर कहा है।

# अम्बाह प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर में बढ़ रहा अतिक्रमण

## मुख्य बाजार व अस्पताल नगर पालिका के सामने दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई-कई फुट अतिक्रमण किया है

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** प्रशासन की अनदेखी के कारण अम्बाह नगर के बाजार में अतिक्रमण बढ़ रहा है। मुख्य बाजार गंज, चौक चौराहे आदि जगहों पर दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई-कई फुट अतिक्रमण किया हुआ है। इसके चलते नगर के गंज मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। नगर के व्यापारियों की हठधर्मिता व प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर के बाजारों में अतिक्रमण से पूरी तरह से अपने पैर पसार लिए हैं। दुकानदारों ने अपने पटरों के सामने लकड़ी की बैंच लगाकर दुकान का सामान बाहर तक निकाल लिया है। इसके अलावा लोग दुकानों के सामने हाथ ठैला खड़े करवा कर किराया बसूल कर रहै है तथा कुछ दुकानदारों ने तो सरकारी नाली को ही बंद कर दिया है। नगर का मुख्य बाजार गंज वैसे ही बहुत तंग है अतिक्रमण के कारण बाजार में मार्ग की चौड़ाई 10 फिट से घटकर मात्र



4 से 5 फिट रह गई है। वहीं नगर के नगरपालिका के सामने अबैध सब्जी मण्डी बनाकर सडक घेर रखी है सब्जी सडी गली फेकने से आबारा पशु हमेशा जमाबाडा लगाये रहते है कई बार सॉडो द्वारा लोग घायल कर दिये गये वही ई रिक्सा बाहनो का जमाबाडा वही लगा रहता है जिससे निकलना बहुत ही मुश्किल है तथा दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आता है। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन पर दबाव पड़ता है तो कुछ समय के लिए अभियान चलाकर थोड़ा-बहुत अतिक्रमण हटा देते हैं, लेकिन टीम के जाते ही फिर अतिक्रमण हो जाता है। नगर के सभी चौक चौराहों तथा बाजारों के साथ नगर के चूडी बाजार सब्जी मंडी रोड, दाऊ की कोठी रोड, चूडी बाजार मैन बाजार के इलाके गंज पर तो अतिक्रमणकारियों का पूरा कब्जा है। पुलिस प्रशासन दुकानदारों को चेतावनी देते रहते हैं। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण को अपनी बसूली के लिये छूट ही देदी है परन्तु पुलिस ने हटाने के लिए कई बार व्यापारियों से अपील की, लेकिन इसका असर नहीं दिखता है। इस मामले में नगर का व्यापार मंडल भी चुप्पी साधे हुए है। पूर्व में भी कई बार पालिका की टीम व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने की अपील कर चुकी है। जल्द ही पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर नगर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। जो व्यापारी नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी परन्तु आज तक कोई कारबाही नही हुई है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर्व व विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस में जैतवारा में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई

## राधा कृष्ण की मनोरम झांकी की जगह जगह हुआ स्वागत व आरती

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



सतना जिले के जैतवारा कस्बे में आज कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य सहित विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर जैतवारा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कृष्ण राधा जी की झांकी सजाकर ढोल नगाड़ों के साथ जैतवारा के हनुमान मंदिर प्रांगड़ में विश्व हिंदू परिषद के जिला महा मंत्री विपिन सिंह और रीतू द्विवेदी के द्वारा आरती पूजन कर शोभा यात्रा शुरू की गई ये शोभा यात्रा हनुमान चौराहा से बाजार चौक होते हुए सिद्ध हनुमान जी मंदिर पर समापन की गई सोभा यात्रा की इस झांकी में राधा कृष्ण की जगह जगह आरती पूजा की गई व प्रसाद वितरित किया गया लोगो मे काफी उत्साह दिखा हजारों की तादाद में लोग झांकी के साथ चलते हुए जय श्री राम के नारे लगाते उपस्थित हुए ।इस शोभायात्रा कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री विपिन सिंह रीतू द्विवेदी राकेश त्रिपाठी सिद्धू त्रिपाठी राम केस डोहर मनोज गुप्ता जितेंद्र सिंह पवन पांडे राज कारण सिंह राहुल सिंह रामू मिश्रा पदाधिकारी नगर के कार्यकर्ता सहित नगर के समाजसेवी उपस्थित रहे। पुरे सोभा यात्रा में जैतवारा पुलिस साथ साथ रजाई।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह इतना क्यों डरे हुए हैं : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा कि मुरैना में जन आशीर्वाद यात्रा प्रवेश के पूर्व मुरैना जिला कांग्रेस कार्यालय में काग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही थी । उसी दरिम्यान दोपहर 03 बजे पुलिस फोर्स के साथ पहुंची और कांग्रेस के दिमनी से विधायक रवीन्द्र सिंह तोमर,कांग्रेस जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर,किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह गुर्जर सहित अनेक जिला पदाधिकारियों को पुलिस द्वारा कार्यालय के अन्दर से घसीटते हुए बाहर लायी और लाठी चार्ज किया गया और उन्हें जबरिया पुलिस थाना ले गये। विधायक श्री तोमर सहित जिला पदाधिकारियों को गंभीर चोटे भी आयी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को डरपोक और कायर करार देते हुए कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा को प्रदेश की जनता छलावा एवं दिखावा के रूप में देख रही है एवं प्रदेश की जनता की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण नहीं करने एवं झूठी घोषणाओं की घूटी पिलाने से जनता त्रस्त हो चुकी है और प्रदेश की जनता कथित आशीर्वाद यात्रा का विरोध कर रही है,जनता के इस विरोध के डर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बदनाम करने का काम मुख्यमंत्री श्री चौहान कर रहे है, उन्हें पुलिस द्वारा पिटवाया जा रहा है एवं उनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये जा रहे है। यह उनका कृत्य हताशा एवं निराशा को दर्शाता है। डॉ. गोविन्द सिंह ने आगे कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है तो फिर विपक्ष को क्यों डराया व धमकाया जा रहा हैं। कांग्रेस डरने वाली नहीं है जनता की जन समस्याओं को लेकर जनता को साथ लेकर सरकार के विरूद्ध जन आक्रोश रैली के रूप में सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी।



# भाजपा की जन आर्शीवाद यात्रा को लेकर दबोह भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

## 10 सितम्बर को दबोह पहुँचेगी भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** आगामी मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता में उमंग और उत्साह को जागृत करने के लिए प्रदेश नेतृत्व



द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा 10 सितंबर को दबोह नगर पहुंच रही है।यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए शुक्रवार को नगर दबोह की गहोई धर्मशाला में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के बरिष्ठ नेता पूर्व बिधायक रसाल सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोमेश महंत,जिला कोषाध्यक्ष मनोज शास्त्री,यात्रा के संयोजक संतोष बोहरे,योगेंद्र सिंह पप्पू उपस्थित रहे।यात्रा के सम्बंध में रसाल सिंह जी ने कार्यकर्ताओ को उनकी अहम जिम्मेदारी सौंपी साथ ही नागरिकों से अनुरोध है कि इस सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सभा को सफल बनाएं और मध्य प्रदेश की यह विकास की यात्रा निरंतर चलती रहे,इसके लिए भाजपा की सरकार को अपना आशीर्वाद दीजिए।उन्होंने कहा कि इस दौरान स्थानीय झंडा चौक पर आमसभा भी होगी।जन आशीर्वाद यात्रा को सर्वव्यापी बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता और लाडली बहन की महिलाओं एवं केंद्र राज्य सरकार की सभी हितग्राही लाभार्थी आम जनों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में विधानसभा क्षेत्र के निर्धारित स्थानों पर निकलने वाली जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत और पुष्प वर्षा करें।उन्होंने कहा कि यह मिशन 2023 का विधानसभा चुनाव आपके कंधों पर ही निर्भर है मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार 20 वर्षों का लेखा-जोखा जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर,केंद्रीय नागरिक उड़ान मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जनता के बीच पहुंच रहे हैं।आप सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने प्रदेश नेतृत्व के उद्बोधन को अवश्य सुने।इस दौरान बैठक में वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनआशीर्वाद यात्रा के गोहद आगमन पर भव्य व ऐतिहासिक स्वागत होगा

**दैनिक पुष्पाजली टुडे**

गोहद। केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुचाने के लिए भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जनता का आशीर्वाद लेने के लिए आयोजित जनआशीर्वाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया जो गोहद विधानसभा में 10सितम्बर को भिण्ड रोड पर बिरखड़ी गांव से प्रवेश करेगी तथा नया बस स्टैंड पर सभा का आयोजन किया गया है जिसे केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा सम्बोधित करेंगे यात्रा की सफलता के लिए भाजपा कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया जन आशीर्वाद यात्रा प्रभारी कमल सिह तोमर ,मंच प्रभारी चन्द्रशेखर शर्मा, गब्बर सिंह गुर्जर, रामबाबू उपाध्याय, अविनाश भटेले, अशोक गुर्जर, लाखन गुर्जर, धर्मेन्द्र गुर्जर, अन्वेषशर्मा विवेक जैन श्रीमती अर्चना शर्मा, श्रीमती सुमन गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई मंच




संचालन आशीष शर्मा ने किया। भाजपा प्रयाशी लालसिह आर्य ने कहा कि गोहद का इतिहास रहा है कि हमे प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी है उसे हमने पूरे मन से निभाया है और इतिहास कायम किया है गोहद में जन आशीर्वाद के आगमन पर हमें अपनी परंपरा को कायम रखना है भाजपा बरिष्ट नेता गब्बर सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा गोहद विधानसभा का प्रत्याशी घोषित कर हमें अनुग्रहित किया है अब हमारा कर्तव्य है कि हम प्रदेश नेतृत्व का आगमन पर भव्य स्वागत करें यहाँ जनआशीर्वाद यात्रा प्रभारी कमल सिह तोमर ने कहा कि यात्रा का आरम्भ बिरखड़ी गांव से होगा तथा गोहद में सभा स्थल तक आधा सैकड़ा स्थानों पर स्वागत किया जाएगा जिसमे बिभिन्न समाजो के बैनर तले पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा वैठक में गोहद विधानसभा के मनीष दीक्षित, धीरेंद्र श्रीवास्तव, सतीश सिकरवार, दिनेश धनेलिया, रिंकू भटेले, धर्मसिंह माहौर, सौरभ पांडा, ललित अग्रवाल, रामप्रसाद कुशवाह, रामु तोमर, सौरभ गुप्ता, राकेश गौड़, आकाश सोनी ओमप्रकाश कुशवाह ओर भी एक सैकड़ा भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे उज्जैन से मंगाए है गुलाब फूल,,, जन आशीर्वाद यात्रा के स्वागत के लिए यात्रा प्रभारी कमल सिह तोमर ने बताया कि गोहद नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है यात्रा के मार्ग पर होर्डिंग्स लगाए जा रहे है पुष्प वर्षा के लिए पाच क्विटल फूल उज्जैन से मंगाए गए है जो स्थान स्थान पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करेंगे गोहद नगर यात्रा के स्वागत के लिए प्रत्येक बूथ से दोपहिया वाहनों से कार्यकर्ता पहुचेंगे वही मण्डल स्तर पर वसो से कार्यकर्ता गोहद पहुचेंगे

# पूजा हेगड़े ने कराया हॉट फोटोशूट



बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर तबाही मचा देती हैं। हाल ही में पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी सेक्सी तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी किलर अंदाज में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही सुर्खियां बटोरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को रिझाना शुरू कर दिया है।

इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े का बोल्ड लुक इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। पूजा हेगड़े ने अपनी इन तस्वीरों में पिंक कलर की ब्लेजर पहनी हुई है, जिसमें वो हॉट लग रही हैं। वहीं दूसरी फोटो में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस ने ब्लेक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर एक बार फिर से फैंस के होश उड़ गए हैं। उनका ये लुक इंटरनेट पर शेयर होते ही वायरल हो गया है। बताते चलें कि एक्ट्रेस पूजा हेगड़े जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया लवर हैं, इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# सुपर नेचुरल थ्रिलर में काम करेंगे अजय देवगन



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन,आर माधवन और ज्योतिका के साथ सुपर नेचुरल थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। अजय देवगन की आने वाली फिल्म की घोषणा हो गई है। यह एक सुपर नेचुरल थ्रिलर होने वाली है जिसका टाइटल अभी रिवील नहीं किया गया है। विकास बहल के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका नजर आयेंगी। अजय देवगन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म के बारे में पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है। इस पोस्ट में अजय देवगन ने बताया है,कुछ चीजें एक अलौकिक मोड़ लेने वाली हैं। विकास बहल के निर्देशन में बनने वाली एक दिलचस्प थ्रिलर में मैं, आर माधवन और ज्योतिका की तिकड़ी का गवाह बनूंगा।

# शाहरुख की 'जवान' की धमाकेदार ओपनिंग



'जवान' ने रिलीज होते ही मुंबई और चेन्नई में धमाल मचा दिया है। प्रशंसकों को शाहरुख खान का दूध से अभिषेक करते देखा गया। ट्रेड मीडिया के अनुसार पहले दिन 'पठान' के 57 करोड़ रुपये के आंकड़े को पीछे छोड़कर 70 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। इस फिल्म में शाहरुख और दक्षिणी की अभिनेत्री नयनतारा और विजय सेतुपति ने अभिनय किया है। शाहरुख खान की 'जवान' ने रिलीज के पहले ही दिन प्रशंसकों के बीच बड़े पैमाने पर लोकप्रियता पैदा कर दिया। इस फिल्म के सुबह के सभी शो हाउसफुल रहे। सोशल मीडिया इस बात का सबूत है कि 'पठान' की अपार सफलता के बाद, शाहरुख एटली द्वारा निर्देशित 'जवान' के साथ बड़े पर्दे पर फिर से वापस आ गए हैं।



# ज्योतिका ने कंगना रनौत को बताया सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

दक्षिण भारत की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में से एक ज्योतिका ने कंगना रनौत को भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक बताया है। उन्होंलने 'चंद्रमुखी 2' को लेकर कहा कि वह कंगना के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। कंगना ने 'चंद्रमुखी 2' में वही भूमिका दोहराई है, जो मूल फिल्म में ज्योतिका ने निभाई थी। इससे पहले कंगना ने 'चंद्रमुखी' में ज्योतिका के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह अपनी भूमिका की तैयारी के लिए लगभग रोजाना ज्योतिका का प्रतिष्ठित किरदार देखती हैं। दिल छू लेने वाली प्रतिक्रिया में ज्योतिका ने कंगना को चंद्रमुखी की भूमिका निभाते हुए देखकर बेहद गर्व और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कंगना की उपस्थिति की प्रशंसा की और खुद को कंगना के काम का बहुत बड़ा प्रशंसक बताया। उन्होंनि पोस्टन किया,भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक को 'चंद्रमुखी' की भूमिका निभाते देखकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है।

कंगना आप आकर्षक लग रही हैं। मैं आपके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैं विशेष रूप से इस फिल्मी को देखने का इंतजार कर रही हूं। 'चंद्रमुखी 2' एक आगामी तमिल भाषा की कॉमेडी हॉरर फिल्म है। यह फिल्मं पी. वासु द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह चंद्रमुखी (2005) की अगली कड़ी है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही राघव लॉरेंस, महिमा नांबियार, लक्ष्मी मेनन, वडिवेलु (अपनी भूमिका को दोहराते हुए), सृष्टि डांगे, राधिका सरथकुमार, वाई जी महेंद्रन, रवि मारिया और अन्य सहायक भूमिकाएं निभा रहे हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से डरे अमिताभ

मेगास्टार अमिताभ बच्चन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से घबरा गए हैं। उन्होंवने केबीसी के सेट पर कहा कि उन्हें भविष्य में इसकी वजह से रिप्लेस होने का डर है, क्योंकि यह फिल्मों में पहले से ही होना शुरू हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मशीनों की उन कार्यों को करने की क्षमता है, जो आमतौर पर मानव बुद्धि से जुड़े होते हैं, जैसे सीखना और समस्या का समाधान करना। क्विज आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन-15 के 18वें एपिसोड में होस्ट अमिताभ बच्चन ने अहमदाबाद, गुजरात के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र चिराग अग्रवाल का हॉट सीट पर स्वागत किया।

2,000 रुपये के प्रश्न के लिए चिराग से पूछा गया, इनमें से कौन सा शब्द आमतौर पर कंप्यूटर प्रोग्राम लिखने के लिए भी उपयोग किया जाता है? दिए गए विकल्प थे - कोडिंग, हाइविंग, स्ट्रीमिंग और क्लिकिंग। प्रतियोगी ने सही उत्तर दिया - कोडिंग। 'जंजीर' फेम अभिनेता ने कहा, कोड कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में इस्तेमाल किया जाने वाला एक शब्द है। यह कंप्यूटर को चरण-दर-चरण निर्देश देता है कि क्या करना है। आपने देखा होगा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया भर में फैल गया है।

क्या आप कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में सीख रहे हैं? प्रतियोगी ने उत्तर दिया, सर हमारे बहुत सारे पाठ्यक्रम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित हैं। हम एआई का भी अध्ययन करते हैं। मेरे पास आपके लिए एआई से संबंधित एक प्रश्न है। सर, जब एआई बनाया गया था तो सभी को आश्चर्य होता था कि क्या यह सबसे पहले मजदूरों की नौकरियां हड़पेगा। लेकिन, अब हम देख रहे हैं कि एआई अधिक रचनात्मक लेखन जैसी नौकरियों पर कब्जा कर रहा है। इसके बाद चिराग ने कलाकार से पूछा, मैं अब आपके सामने बैठा हूं, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं।



लेकिन, भविष्य में किसी दिन आपको शूटिंग के लिए देर हो सकती है। वो आपका एक आभासी होलोग्राम भेज सकते हैं और हम उसके साथ बातचीत कर सकते हैं। इस पर बिग बी ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, मैं आपको एक बात बता दूं, आप अभी होलोग्राम से बात कर रहे हैं। 80 वर्षीय अभिनेता ने आगे कहा, मैं इतना समझदार नहीं हूं कि यह सब समझ सकूं। लेकिन, हां, मैंने ऐसे कई उदाहरण सुने हैं। और, यह मुझे डराता है, एक दिन, वे मेरी जगह ले सकते हैं। यह फिल्मों में पहले से ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे एक कमरे में बिठाया और वहां 40-45 कैमरे एक साथ तस्वीरें ले रहे थे।

यह चारों ओर से बंद हो जाता है, और फिर वे मुझसे क्लॉकवाइज और एंटी क्लॉक वाइज में घूमने के लिए कहा गया। वे हमसे अपने चेहरे के भाव बदलने के लिए कहते हैं। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्यों, तो वे कहते हैं कि इसकी आवश्यकता है और वे मुझे कभी नहीं बताते कि क्यों। उन्होंने आगे बताया,बाद में मुझे पता चला कि एआई का उपयोग करके वे इसे कहीं भी रख देंगे। भले ही मैंने इसके लिए शूटिंग नहीं की है, फिर भी ऐसा लगता है कि मैंने इसकी शूटिंग की है। लेकिन, मैं चिंतित हूं। वे किसी दिन मेरी जगह ले सकते हैं और मैं बेरोजगार हो जाऊंगा।

बहुरंग

# शिल्पा शेट्टी की फिल्म 'सुखी' का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की आने वाली फिल'सुखी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सुखी के ट्रेलर में 38 साल की सुखप्रीत यानी 'सुखी' की जिंदगी को दिखाया है। सुखी यानी शिल्पा शेट्टी अपने परिवार की एक-एक जरूरत का ध्यान रखती है। बच्चों के स्कूल के लंच से लेकर ससुर के गोलियों तक सब कुछ सुखी करती है।एक दिन वह अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से थक जाती है और अपने तरीके से अपनी जिंदगी को जीना का सोचती है और अपने परिवार को कुछ दिनों के लिए छोड़कर दिल्ली आ पहुंचती है। जहां वो अपनी सभी सहेलियों से मिलती है। फिल्म सुखी में शिल्पा शेट्टी के अलावा अमित साध, कुशा कपिला दिलनाज ईरानी, पवलीन गुजराल और चेतन्य चोधरी भी नजर आएंगे। सुखी भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है। सुखी का निर्देशन सोनल जोशी ने किया है और इसे जोशी, राधिका आनंद, पॉलोमी दत्ता और रूपिंदर इंद्रजीत ने लिखा है। यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दिलचस्प

# अनुपम खेर ने 540वीं फिल्म 'कैलोरी' की घोषणा की



दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी 540वीं फिल्म 'केलोरी' की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि फिल्म कनाडाई निर्देशक ईशा मरजारा द्वारा निर्देशित है। इसकी शूटिंग अमृतसर और मॉन्ट्रियल में की जा रही है। खेर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना पगड़ी वाला लुक साझा किया। उन्होंने डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ एक तस्वीर भी शेयर की। उन्होंरने लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने एमवी 540वें प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। 'केलोरी' एक कनाडाई फिल्म है, जो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कनाडाई निर्देशक ईशामारजारा द्वारा निर्देशित और जोबालास द्वारा निर्मित है। फिल्म की शूटिंग अमृतसर और मॉन्ट्रियल में हुई है। इस मानवीय त्रासदी की पटकथा ने मेरे दिल को गहराई तक छू लिया। अभिनेता अगली बार विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित एक मेडिकल थ्रिलर 'द वेक्सीन वॉर' में दिखाई देंगे। यह भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान कोवेक्सिन के विकास की सच्ची कहानी बताती है।

# अल पचीनो ने अपनी प्रेमिका से तोड़ा रिश्ता



अभिनेता अल पचीनो एक बार फिर से अकेले हो गए हैं। 83 वर्षीय हॉलीवुड दिग्गज ने अपनी 29 वर्षीय प्रेमिका नूर अल्फल्लाह से रिश्ता खत्म कर दिया है। उनका तीन महीने का एक बेटा है। अल्फल्लाह ने अपनी ओर से अपने बेटे की कस्टसडी के लिए आवेदन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उसने लॉस एंजिल्स में कानूनी दस्तावेज दायर कर शिशु की कस्टसडी की मांग की है। साथ ही कहा कि वह चाहती है कि 'द गॉडफादर' अभिनेता को उचित मुलाकात का अधिकार मिले। हालांकि, इससे पहले 29 वर्षीया अल्फल्लाह ने यह कहते हुए संयुक्त कानूनी हिरासत लेने पर सहमति व्यक्त की थी कि वह चाहती है कि उसका पूर्व प्रेमी शिक्षा, चिकित्सा उपचार, वित्त और धर्म जैसे मामलों से संबंधित निर्णय लेने में मदद करें। अपनी कानूनी फाइलिंग में, अल्फल्लाह ने 'माता-पिता की स्वैच्छिक घोषणा' शीर्षक से एक दस्तावेज डाला, जिस पर दोनों ने हस्ताक्षर किए। पूर्व युगल अप्रैल 2022 से रोमांटिक रूप से जुड़े हुए थे, उन्होंने सिर्फ तीन महीने पहले 6 जून को अपने बच्चे, रोमन अल्फल्लाह पचीनो का स्वागत किया था।

## एक नजर...

### गोहद-कांग्रेस नेता ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया भ्रमण

दैनिक पुष्पांजली टुडे



गोहद दिनांक 8 सितंबर को कांग्रेस नेता केदार कौशल साथियों के साथ गोहद विधानसभा के बंजारा का पूरा, बिरखड़ी में पहुंचे जहां उन्होने ग्राम चौपाल लगाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया। व आदरणीय कमलनाथ जी की जनहितैषी 11 गारंटीयों के बारे में लोगों को बताया और 2023 के चुनाव में आदरणीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने की अपील की गोहद विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के दावेदार केदार कौशल इन दिनों खूब जनता में जाकर लोगों से मिल रहे हैं और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचा कर भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को उजागर करने का काम कर रहे हैं इस अवसर पर उनके साथ सुरेश शर्मा रतन सिंह मेंबर, आलम सिंह मेंबर माधव सिंह पवन सिंह जगदीश सिंह भगवान सिंह उदयवीर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री ने निर्माणाधीन ईको पार्क का किया निरीक्षण

**ईको पार्क का लोकार्पण 24 सितंबर को प्रस्तावित शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश**

ब्यूरो चीफ रीवा



रीवा।रीवा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत उन्नतपुल से समीप ईको पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। इस पार्क का लोकार्पण 24 सितंबर को प्रस्तावित है। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन कार्य का गत दिवस निरीक्षण किया तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि श्री शुक्ल के अभिनव प्रयास से यह पार्क महानगरों की तर्ज पर बनाया जा रहा है जिसमें एडवेंचर झूला पुल एवं पर्यटकों के लिये अनेक विशेष स्थलों का निर्माण किया गया है जो उनके लिये मनमोहक होंगे।

### घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिए प्राप्त होंगे वोटर आई.डी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** अब वोटर कार्ड के लिये आवेदन करने के बाद कलेक्ट्रेट और तहसील दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अब घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाया जायेगा। पहले वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने की जिम्मेदारी बीएलओ की हुआ करती थी, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने डाक विभाग को यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के सभी जिलों में अप्रैल माह से स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये वोटर्स को अलग से कोई फीस नहीं देना होगा। भारत निर्वाचन आयोग इसका खर्च उठायेगा। सिर्फ अब ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन वोटर आईडी बनवाने के लिये आवेदन करना होगा। ईपिक नंबर जनरेट होने के बाद मतदाता परिचय पत्र घर पहुंचा दिया जायेगा, लेकिन फॉर्म में सारी डिटेल्स सही भरना होगा। वोटर जो भी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर फॉर्म में दर्ज करेंगे, उस पर स्पीड पोस्ट का मैसेज आयेगा। इससे कार्ड की ट्रेकिंग में आसानी होगी।

### लाड़ली बहना योजना का ऑटो से किया जा रहा प्रचार-प्रसार

रीवा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से 21 से 60 साल तक की पात्र




महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जा रहे हैं। लाड़ली बहना योजना की राशि क्रमश- बड़ाकर 3000 रुपए प्रतिमाह की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 10 सितम्बर को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के बैंक खाते में राशि जारी करेंगे। लाड़ली बहना योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। रीवा शहर के ऑटो रिक्शा तथा ई रिक्शा में परिवहन विभाग के सहयोग से लाड़ली बहना योजना के फ्लैक्स तथा विनाइल स्टीकर लगाए गए हैं। शहर में एक हजार से अधिक ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा में इन्हें लगाया गया है। ऑटो रिक्शा के माध्यम से शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, प्रमुख चौराहों, हास्पिटल तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में लाड़ली बहना योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई

पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा



**हैदराबाद स्थित** - करमनघाट अलमासगुड़ा बडेर में धूमधाम से कृष्णा जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया जिसमें अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाशआगलेचा, नवनिर्वाचित सचिव पुखराज सोयल, सलाहकार गजाराम सैंणचा, भूतपूर्व सचिव चुन्नीलाल वरपा, पूर्व उपाध्यक्ष हेमाराम खंडाला, नव निर्वाचित सह कोषाध्यक्ष मंगलाराम परिहारिया, सह खेल मंत्री डूंगाराम सोलंकी, मीडिया प्रभारी अमराराम सिंदड़ा, नव निर्वाचित मीडिया प्रभारी गोविन्द पंवार एवं वर्तमान व नवनिर्वाचित कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य गणों एवं सभी समाज बंधुओ माताओ बहनों सभी के सानिध्य में यह प्रोग्राम सफल हुआ संपूर्ण आई माताजी भजन मंडली करमनघाट अलमासगुड़ा ने बहुत ही अच्छे भजनों का प्रोग्राम किया एवं संपूर्ण पूजा में बडेर के पुजारी अबाराम सोलंकी एवम् सीरवी समाज बंधुओ के नेतृत्व में पूजा की गई बाद में सभी को प्रसाद वितरण किया गया और अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा ने सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई दी।

# मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने की तैयारी कर रहे आधा सैंकड़ा कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**सूचना के बाद क्षेत्रीय विधायक बैठक से रहे गायब**

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की शुक्रवार की शाम मुरैना पहुंचने वाली जन आशीर्वाद यात्रा को काले झंडे दिखाकर यात्रा का विरोध करने की प्लानिंग कर रहे आधा सैकड़ा कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिमनी थाने भेज दिया। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें देर रात को जन आशीर्वाद यात्रा के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से निकल जाने के बाद छोड़ा जाएगा। उक्त बैठक में दिमनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक तो मौजूद थे, लेकिन सूचना के बाद भी क्षेत्रीय विधायक राकेश मावई बैठक से गायब रहे, जिसको लेकर कांग्रेसियों में सवाल उठ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना मुख्यालय पर मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद यात्रा के पहुंचने से पूर्व शुक्रवार की दोपहर को शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के निवास पर गोपनीय रूप से 25-30 नेताओं की बैठक चल रही थी और इस बैठक में मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने तथा विरोध करने के लिए पूरी योजना बनाई जा रही थी, इसी दौरान पुलिस अधिकारियों को बैठक की सूचना मिल गइ। इसके बाद भारी पुलिस फोर्स ने शहर जिला अध्यक्ष श्री शर्मा के कार्यालय को घेर लिया तथा सभी नेताओं की गिरफ्तारी करते हुए उन्हें वहां से दिमनी के लिए ले गए। बताया जाता है कि कांग्रेस नेताओं ने विरोध करने के लिए प्रत्येक वार्ड में 50-50 कार्यकर्ताओं की टीम बनाई थी और सभी को टिप्स दिए गए थे कि कैसे




क्या करना है, लेकिन जन आशीर्वाद यात्रा के कई घंटे पहले ही कांग्रेस नेताओं की प्लानिंग पुलिस को पता लग गई और सारी योजना विफल हो गई तथा सभी को पुलिस फोर्स दिमनी थाने ले गया। बताया जाता है कि अब इन कांग्रेस नेताओं को जन आशीर्वाद यात्रा के दिमनी से गुजर जाने के बाद ही पुलिस द्वारा छोड़ा जाएगा। गिरफ्तार कांग्रेस नेता में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, दीपक शर्मा जितेंद्र, सुभाष सिंह सिकरवार सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

**मतदाता सूची को लेकर आओ जीत हुई थी बैठक- दीपक**-शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार के सहारे पर उनकी गिरफ्तारी की गई है जबकि वह शहर जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम हटवाने, जुड़वाने एवं नामों में संशोधन करने को लेकर कार्यकर्ता बैठक ले रहे थे और इस समय पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लाठी डंडो से मारपीट कर एवं घसीटते हुए जबरन गाड़ी में डालकर मुरैना से लगभग 25 किलोमीटर दूर दिमनी थाने में बंद कर दिया गया। पुलिस प्रशासन की ऐसी निंदनीय घटना से प्रतीत होता है कि देश व प्रदेश में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। पुलिस द्वारा की गई खींचतान में शहर जिला अध्यक्ष श्री शर्मा का मोबाइल भी टूट गया।

**सबलगढ़ में सफल रहे कांग्रेसी, लगाए मुर्दाबाद के नारे**-शुक्रवार की दोपहर सबलगढ़ से आरंभ हुई मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद यात्रा को सबलगढ़ क्षेत्र में ही कांग्रेस जनों द्वारा काले झंडे दिखाकर शिवराज सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाए गए, जिसका वीडियो वायरल हुआ है। युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पचौरी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने सडड़ किनारे खड़े होकर जैसे ही काफिला गुजरा तो काले झंडे फेंक दिए एवं मुर्दाबाद के नारे लगाए।

## काशी बाबा कॉलोनी में ट्रांसफार्मर हुआ फेल, 3 दिन से परेशान जनता



मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सोलंकी पेट्रोल पंप के सामने स्थित काशी बाबा कॉलोनी जहां सैकड़ो परिवार निवास करते हैं। 3 दिन से ट्रांसफार्मर के फेल हो जाने के कारण बिजली गायब है, मगर विद्युत विभाग द्वारा आम जनता की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। भीषण गर्मी में जनता पसीने से बेहाल है, तो वहीं पानी के लिए लोग भटक रहे हैं। पीड़ित कॉलोनी निवासियों ने विद्युत कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कार्यवाही की मांग की। कॉलोनी वासियों ने बताया कि 3 दिन से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है और लगातार इसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की जा रही है, मगर अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया है, जिस कारण 3 दिन से लोग बिना बिजली पानी के अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बिजली न होने से बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में बच्चे बूढ़े महिला सभी परेशान है तथा पानी की किल्लत पैदा हो गई है और लोगों को दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर रखने की मांग को लेकर कॉलोनी वासियों ने शुक्रवार को विद्युत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

## आधा घंटे की बारिश से शहर हुआ जलमग्न, किसानों को मिली राहत



मुरैना एक बार फिर शुक्रवार की दोपहर इंद्रदेव ने मुरैना जिले पर अपनी कृपा बरसाते हुए झमाझम बारिश कर डाली, जिससे किसानों को राहत मिली है, तो वही शहरवासी परेशान होते नजर आए। शहर के सभी इलाकों में आधा घंटे की बारिश मुसीबत बन गई और गली मोहल्ले जलमग्न हो गए, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**ग्वालियर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में प्रभु उपहार भवन माधवगंज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में उत्सव मनाया गया। इस मौके पर नन्हें-मुन्हें बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को उल्लासित कर दिया। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रवीण पाठक ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में आना यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बाहर के शोरगुल से होकर जब भी मैं यहां आता हूं तो मन को शांति और सुकून की अनुभूति होती है। यहां आकर व्यक्ति अपना आध्यत्मिक विकास कर सकता है। यह मेरा लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में मनुष्य के संपूर्ण विकास का यह आध्यात्मिक केंद्र हैं। बीके आदर्श दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान निरन्तर समाज में अध्यात्मिक जागरण का काम कर रहा है। हर उत्सव हमें कुछ न कुछ सीख देता है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का हर पल हमें कुछ न कुछ सिखाता है। जीवन की हर परिस्थिति में शांत रहकर मुस्कराने का संदेश हमें श्रीकृष्ण से मिलता है। बीके डॉ गुरचरन भाई ने कहा कि समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ समाजिक जागरुकता लाने के लिए हम सबको मिलकर काम



करना होगा। जीवन में श्रीकृष्ण जी जैसा धैर्य, सहनशीलता जैसे अन्य दिव्यगुण आ जाए तो व्यक्ति कठिन से कठिन लक्ष्य को भी हासिल कर सकता है। बीके ज्योति बहन ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा आभार बीके प्रहलाद ने माना। इस अवसर पर बाल कलाकारों में सोना, मुस्कान, पीहू सुरभि, रोशनी, सोनाली, भावना, पवन, खुशी, सिहारा, पीहू नव्या, हर्षिता, सौम्या, निहारिका, एंजेल, दृष्टि, सृष्टि, ओम आदि बच्चों ने सुंदर श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुतियां दी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले के अनेक कार्यालय एवं सब स्टेशनों में घेराव एवं प्रदर्शन किया गया





विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

रीवा। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान्नीय श्री कमलनाथ जी के निर्देशानुसार रीवा जिले के अनेक कार्यालय एवं सब स्टेशनों में घेराव एवं प्रदर्शन किया गया, इसी क्रम में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा रीवा शहर में स्थिति अधीक्षण यंत्री कार्यालय में घेराव व प्रदर्शन किया गया धरना प्रदर्शन का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री लखनलाल खण्डेलवाल ने किया। कांग्रेस पार्टी द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी गयी कि आज का धरना केवल सांकेतिक है यदि विभाग द्वारा मनमानी जारी रही तो ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी जल्द ही बिजली विभाग के खिलाफ बड़ा आन्दोलन खड़ा करेगी। धरना प्रदर्शन के उपरान्त अधीक्षण यंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा गया जिसमें म.प्र. में इस समय बिजली प्रदाय का भयंकर संकट छाया हुआ है, बिजली की पर्याप्त अपूर्ति नही होने से अनेक शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को तकलीफ उठानी पड़ रही है। हजारों गांवों में बिजली गुल रहती है, जिससे पेयजल उपलब्ध करना और कृषि उत्पादन के क्षेत्र में किसानों को भयंकर संकट उत्पन्न हो गया है। आम उपभोक्ताओं को बिजली के भारी भरकम बिल दिये जा रहे हैं, कई-कई महीनों से जले ट्रान्सफार्मर नही बदले जा रहे हैं, जिससे आम नागरिक एवं किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आदि मांगे प्रमुख रूप से शामिल थीं। धरना प्रदर्शन को मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के महामंत्री श्री शिवप्रसाद प्रधान, कविता पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सोहगौरा, संगठन मंत्री सज्जन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी, शिवेन्द्र सिंह गुड्डा, कार्यालय प्रभारी सुरेश वर्मा, नारेन्द्र सिंह तिवारी, रमा दुबे, सत्या द्विवेदी, मनीष नामदेव, नरेश गुप्ता, अशोक पटेल झब्बू, मुस्तहाक खांन, सत्यनारायण तिवारी, गोविन्ददास तिवारी, जी.पी. त्रिपाठी, अर्चना द्विवेदी, तारा त्रिपाठी, के.के. गुप्ता, रफीक मनिहार, राजेन्द्र तिवारी आदि ने संबोधित किया, इसके अलावा, मनोज तिवारी पप्पू, भगवान सिंह तिवारी, अकरम अंसारी, नासिर अंसारी, श्याम निरंकारी, लल्लू सिंह यादव, राजेश नामदेव, राजेश शर्मा, मनुआ साकेत, सतेन्द्र साकेत, धनेन्द्र सिंह बघेल, अमृतलाल मिश्रा, ऋषि त्रिपाठी, राजेश बंसल, छोटू मिश्रा, कमलनयन पाण्डेय, सत्यम, शुक्ला, समीर द्विवेदी, हर्षित पाण्डेय, कृष्णकुमार पाण्डेय, अमन वर्मा, नर्मदेश्वर प्रसाद पाठक, गंगा यादव, रवि तिवारी पार्षद, प्रदीप नारायण सिंह, बाबूलाला द्विवेदी, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, लल्लन खांन, रामनारायण शुक्ला, नवीन सिंह, अतुल सिंह, बृजबिहारी मिश्रा, विवेक मिश्रा, रामकृष्ण ताम्रकार, लवकुश ताम्रकार, राजेश द्विवेदी, मंयकधर द्विवेदी विपिन मिश्रा, संजीव शुक्ला अशीष त्रिपाठी, सौरव तिवारी, दिलीप चतुर्वेदी, विजय चतुर्वेदी, उमेश वर्मा, लल्लू सिंह यादव, शोहन सिंह, मंयक वर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, श्याम वर्मा, सुतीक्षण सोहगौरा, केशव वर्मा, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, सुरेश सिंह तिवारी, रफीक अंसारी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478